**सुविचार**
संसार का सबसे सुरक्षित बीमा है परमात्मा पर भरोसा बस याद रखें और अच्छे कर्मों की किश्त समय से भरते रहें।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 01 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 165 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com




08 काजोल लस्ट स्टोरीज 2 को लेकर चर्चा में

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,718.56 |
| निफ्टी | : | 19,189.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,395 |
| चांदी | : | 74.80 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**NEW DELHI :** दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कानूनी रास्ता अपनाया है। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। आम आदमी पार्टी सरकार ने अध्यादेश को असंवैधानिक बताया है। अध्यादेश पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है। बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार ने 19 जून को अध्यादेश जारी किया था। जिसमें केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पलट दिया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था। अध्यादेश के अनुसार, दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अंतिम फैसला उपराज्यपाल का होगा। इसमें मुख्यमंत्री का कोई अधिकार नहीं होगा। संसद में अब 6 महीने के अंदर इससे जुड़ा कानून भी बनाया जाएगा। लोकसभा में भाजपा के पास बहुमत है, लेकिन राज्यसभा में अन्य दलों की जरूरत पड़ेगी। इसलिए अरविंद केजरीवाल ने देशभर के विपक्ष के नेताओं से समर्थन लिया है। दिल्ली के अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग की लड़ाई का मामला पहली बार 2015 में अदालत में पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने जनवरी में मामले की सुनवाई की। 18 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया। यह भी कहा कि उपराज्यपाल सरकार की सलाह पर ही काम करेंगे।

### युवा सेना का बड़ा नेता शिंदे की शिवसेना में होगा शामिल

**MUMBAI :** मुंबई में शिवसेना यूबीटी पार्टी को सीएम शिंदे एक एक कर झटके पर झटका दे रहे हैं। हाल ही में उद्धव गुट की विधायक मनीषा कायंदे ने पार्टी के कुछ नेताओं पर आरोप लगाते हुए शिवसेना शिंदे गुट को अपना नया मकाम बनाया था। अब शिवसेना के नेता अनिल परब और आदित्य के मौसेरे भाई वरुण सरदेसाई की पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी राजनीति से परेशान होकर युवा सेना के एग्जीक्यूटिव मेम्बर राहुल कनाल 1 जुलाई को शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है। राहुल कनाल आदित्य ठाकरे के बेहद करीबियों में से एक जाने जाते हैं। शिवसेना ने उन्हें बीएमसी एजुकेशन कमेटी का सदस्य बनाया था। साल 2019 में उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने के बाद कनाल को श्री शिरडी साई बाबा ट्रस्ट का सदस्य बनाया गया था।

# हूल दिवस पर राज्य को मिला जेन नेक्स्ट ई-हॉस्पिटल सिस्टम

## अमर शहीद सिदो-कान्हू की धरती भोगनाडीह में सीएम ने किया एलान



**PHOTON NEWS RANCHI :** शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है. राज्य सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ अपनी कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतार रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह (बरहेट, साहिबगंज) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं. उन्होंने साहिबगंज सदर अस्पताल में जेन नेक्स्ट ई-हॉस्पिटल सिस्टम का ऑनलाइन शुभारंभ करते हुए कहा कि अब राज्यवासी विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श ले सकेंगे. सरकार की इस पहल से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है. हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया. वहीं ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान. भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद -भैरव फूलो -झानो, तिलका मांझी, नीलाम्बर-पीताम्बर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है. आने वाली पीढ़ी को इनकी वीरगाथाओं से अवगत कराएं. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं. जरूरत है कि आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी. हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है. आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही हैं. इन योजनाओं से आप जुड़ें और अपने को सशक्त बनाएं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वहीं अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं । इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा के पूरा खर्च सरकार वाहन करेगी। बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16434. 841 लाख रुपए की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया. इसमें 1571.277 लाख रुपए की 99 योजनाओं का उद्घाटन और 14863.564 लाख रुपए की 517 योजनाओं की आधारशिला रखी. इनमें सदर अस्पताल, साहिबगंज में जेन नेक्स्ट ई-हॉस्पिटल सिस्टम का शुभारंभ, भोगनाडीह में फूलो झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शामिल है. सिस्टम इस मौके पर उन्होंने लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख 27 हजार 900 रुपए की परिसंपत्तियां बांटीं. इसके अलावा चिकित्सकों और नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा. इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मु और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# शहीदों की संघर्ष गाथा हमें हमेशा करेगी प्रेरित

## मोदी ने क्रांतिकारियों को किया नमन



पीएम मोदी की फाईल फोटो।

**AGENCY NEW DELHI :** पीएम नरेंद्र मोदी ने हूल दिवस पर ट्वीट किया है और कहा कि हमारे आदिवासी समाज के वीर-वीरांगनाओं को शत-शत नमन. यह विशेष अवसर हमें अन्याय के खिलाफ सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत कई अन्य पराक्रमियों के शौर्य और साहस का स्मरण कराता है. उनके संघर्ष की गाथा देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी.

**पीएम नरेंद्र मोदी ने किया वीर शहीदों को नमन :** झारखंड हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की वीरता को याद कर रहा है और इन क्रांतिकारियों को नमन कर रहा है. हूल दिवस को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हूल दिवस पर संताल हूल के वीर शहीदों को नमन किया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि ये दिन अन्याय के खिलाफ सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत कई अन्य पराक्रमियों के शौर्य और साहस की याद दिलाता है.

संताल हूल के क्रांतिकारियों की वीरता करती रहेगी प्रेरित

हूल दिवस पर झारखंड के वीर सपूतों को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है कि संताल हूल के क्रांतिकारियों को नमन. इनकी संघर्ष गाथा और वीरता देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी.

**संताल हूल के महानायकों को नमन :** संताल हूल के महानायक सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो को पूरा झारखंड हूल दिवस पर याद कर रहा है. उनकी वीरता का गुणगान कर रहा है. संताल हूल के दौरान उनके अदम्य साहस और पराक्रम की चर्चा कर लोग प्रेरित हो रहे हैं. झारखंड के साहेबगंज जिले के भोगनाडीह में हूल दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# मणिपुर के सीएम इस्तीफा नहीं देंगे, हालात सुधारेंगे

## आवास पर जुटी महिलाएं, समर्थन का जताया भरोसा

**AGENCY MANIPUR :** मणिपुर दो महीने से हिंसा में जल रहा है। पुलिस-प्रशासन हिंसा रोकने में नाकाम है। सरकार की हर कोशिश नाकाम है। इस्तीफे की अटकलों पर विराम लगाते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य महत्वपूर्ण मोड़ पर है। ऐसी स्थिति में मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगा।

दरअसल, सीएम ने शुक्रवार को राज्यपाल अनसुइया से मिलने का वक्त मांगा था। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन में हलचल बढ़ गई है। अटकलें शुरू हो गई कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

जैसे ही ये अफवाह फैली, तमाम महिलाएं सीएम आवास से करीब 100 मीटर दूर नुपी लाल कॉम्प्लेक्स में बीरेन सिंह के समर्थन में उतर आई हैं। उन्होंने आवास के बाहर प्रदर्शन किया है। महिलाओं ने सीएम को इस्तीफा न देने के लिए मनाया। सीएम बीरेन सिंह ने अपने आवासे बाहर निकलकर समर्थक महिलाओं से मुलाकात की।

समर्थकों में से एक महिला ने कहा कि हम नहीं चाहते कि सीएम इस्तीफा दें, उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए। वह हमारे लिए बहुत काम कर रहे हैं। हम सीएम को समर्थन दे रहे हैं। वहीं, एक अन्य ने कहा कि हम 2 महीने से उथल-पुथल की स्थिति में हैं। हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब भारत सरकार और मणिपुर सरकार इस संघर्ष को लोकतांत्रिक तरीके से हल करेगी। ऐसी स्थिति में अगर मणिपुर के सीएम इस्तीफा दे देते हैं, तो लोग कैसे रहेंगे यहां? हमारा नेतृत्व कौन करेगा?

### अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना

**JAMMU :** बाबा बफानीं के दर्शन के लिए जम्मू से अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार तड़के सवा चार बजे पूजा अर्चना के बाद रवाना हो गया। उप राज्यपाल व अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा पहले जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किया। सरकार ने यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सेना समेत डेढ़ लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी करीब 62 दिनों तक लखनपुर से लेकर गुफा तक श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहेंगे। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लखनपुर से लेकर पवित्र गुफा तक 135 से अधिक लंगरों की व्यवस्था स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा की गई है। प्रतिदिन 15 हजार श्रद्धालुओं को पहलगाम तथा बालटाल के रास्ते यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी गई है। अभी तक करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण विभिन्न माध्यमों से करवाया है।

# खादगड़ा बस स्टैंड आगजनी मामले में नाबालिग धराया

## जांच जारी, कई लोगों के शामिल होने के संकेत

**PHOTON NEWS RANCHI :** कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी नौ बसों में आग लगाने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा है। नाबालिग ने स्प्रिट के स्प्रे और लाइटर की मदद से खड़ी बसों में आग लगाई थी।

ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने शुक्रवार को बताया कि नाबालिग लड़के को मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निरुद्ध किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आग लगाने की इस घटना में कई लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। नाबालिग के पास से पुलिस ने एक स्प्रे और लाइटर भी बरामद हुआ है।

पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने बताया है कि उसने बस की टंकी के पास पहले स्प्रे मारा और फिर लाइटर से उसमें आग लगा दी। इस वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। नाबालिग रांची के नामकुम इलाके के भुइया टोली का रहने वाला है। वह पिछले कुछ दिनों से खादगढ़ा बस स्टैंड में ही खलासी के रूप में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसी से नाराज होकर उसने बसों में आग लगा दी।

इधर, मामले की जांच के लिए शुक्रवार को सिटी डीएसपी दीपक कुमार, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार और टीओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। साथ में एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री) टीम भी पहुंची थी।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को तीन अलग-अलग जगहों और अलग अलग समय पर नौ बसों में आग लग गयी थी। इसमें आठ बसें पूरी तरह से जल गईं थीं।

# जेल अधीक्षक से ईडी की टीम ने की पूछताछ




**PHOTON NEWS RANCHI :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागर के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर शुक्रवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेल अधीक्षक से पूछताछ की जा रही है। जेल मैनुअल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपितों को दी जाने वाली सुविधा को लेकर ईडी उनसे पूछताछ करेगी।


साथ ही जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन के प्रेम प्रकाश से मुलाकात करने के मामले में भी पूछताछ करेगी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के बारे में जानकारी लेगी। ईडी ने बिरसा केंद्रीय प्रशासन से अगस्त 2022 के बाद से वाला सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन जेल प्रशासन ने ईडी को कोर्ट के निर्देश के बाद दिसंबर 2022 के बाद वाला फुटेज मुहैया कराया। इस मामले में जेल अधीक्षक ने बीते दिनों ही ईडी कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली थी।

ईडी ने इससे पूर्व जेल अधीक्षक को दो समन भेजा था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद तीसरा समन भेजकर 30 जून को तलब किया था। जेल अधीक्षक और जेलर पर मनी लांड्रिंग के आरोपितों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मदद करने का आरोप है।

### अग्रवाल बंधु मर्डर में लोकेश सहित तीन को उम्र कैद

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड के दोषी लोकेश चौधरी धर्मेंद्र तिवारी और सुनील सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दालत ने तीनों के खिलाफ 20-20 हजार रूपए का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पूर्व 26 जून को सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस मामले में तीनों आरोपितों को पुलिस की ओर से पेश किए गए साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर दोषी करार किया था। जबकि चालक रविशंकर लाल को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया था। उल्लेखनीय है कि छह मार्च 2019 को अशोकनगर के एक निजी न्यूज चैनल के दफ्तर में दो भाइयों हेमंत अग्रवाल और महेन्द्र अग्रवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पैसे के विवाद को लेकर दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में निजी न्यूज चैनल के संचालक लोकेश कुमार चौधरी और उनके सहयोगी एमके सिंह सहित पांच के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। एमके सिंह मामले में अब भी फरार है। 21 माह के बाद फरार रहने के बाद नौ दिसम्बर 2020 को लोकेश चौधरी ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया था।

# पुतिन ने माना मोदी का लोहा, बताया घनिष्ठ मित्र



**AGENCY RUSSIA :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉस्को का शानदार मित्र बताया। उन्होंने कहा कि मोदी के मेक इन इंडियाअभियान का भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में प्रभावशाली असर पड़ा है। पुतिन ने रूस की एजेंसी फॉर स्ट्रैटेजिक इनीशिएटिव्स (एएसआई) की ओर से मॉस्को में आयोजित एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत में हमारे शानदार मित्र, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई साल पहले मेक इन इंडिया पहल शुरू की थी। इसने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में बेहद प्रभावशाली असर डाला है। जो चीज अच्छा काम कर रही है, उसका अनुकरण करने में कोई बुराई नहीं है, भले ही उसकी शुरूआत हमने नहीं, बल्कि हमारे दोस्तों ने की हो।

सूत्रों के मुताबिक, पुतिन ने पश्चिमी देशों की प्रतिबंध नीतियों के चलते रूसी कंपनियों के लिए मौजूद अवसरों पर चर्चा करते हुए भारत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मॉस्को के लिए हमारी कंपनियों को विभिन्न सहायता मंच उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि उन्हें अपने उत्पादों का अधिक कुशल विपणन करने में मदद मिल सके।

खबर के अनुसार, पुतिन ने स्थानीय स्तर पर विनिर्माण क्षमताएं विकसित करने और विदेशी निवेशकों को लुभाने के वास्ते एक प्रभावी मॉडल बनाने के लिए भारतीय नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने आधुनिक सोच और प्रौद्योगिकी के जरिये रूसी उत्पादों को ज्यादा सुविधाजनक एवं क्रियाशील बनाने की दिशा में काम करने पर भी जोर दिया।

रूस के खिलाफ निजी सैन्य समूह वैग्नर के अल्पकालिक सैन्य विद्रोह के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखे रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि औद्योगिक और उत्पाद डिजाइन को घरेलू व्यापार के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनाया जाना चाहिए।

## DELHI विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# दुनिया में पहचान बना रहे भारत के शिक्षण संस्थान

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में भाग लिया, तीन इमारतों की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के शिक्षा संस्थान दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी देश हो उसकी यूनिवर्सिटीज, शिक्षण संसथान, उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूमेंट रही है।

इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट में जान भर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत में नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय थे, तब भारत सुख और समृद्धि के शिखर पर था। जब भारत में तक्षशिला जैसे संस्थान थे, तब भारत का विज्ञान दुनिया का मार्गदर्शन करता थाङ्घ ये वो समय था जब दुनिया में भारत की जीडीपी में हिस्सेदारी बहुत बड़ी थी।

पीएम मोदी बोले देशभर में हो रहा यूनिवर्सिटीज और कॉलेज का निर्माण। डीयू में केवल तीन कॉलेज हुआ करते थे और अब 90 से अधिक कॉलेज डीयू का हिस्सा हैं। आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। इसी प्रकार भारत में भी लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है। यानी जिस देश में शैक्षणिक संस्थानों की जड़ें जितनी गहरी होती हैं, उस देश की शाखाएं उतनी ही ऊंचाई तक आसमान छूती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत निर्माण का है

आज देशभर में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का निर्माण हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एम्स जैसे शैक्षणिक संस्थानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये संस्थान नए भारत की आधारशिला हैं। पीएम ने कहा कि 25 साल बाद जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब उम्र अपनी स्थापना के 125 वर्ष मनाएगी। तब हमारा लक्ष्य भारत की स्वतंत्रता था। अब हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का निर्माण है। उन्होंने कहा कि पिछली शताब्दी के तीसरे दशक ने स्वतंत्रता संग्राम को नई गति दी थी, अब इस शताब्दी का ये तीसरा दशक भारत की विकास यात्रा को नई रफ़्तार देगा। आज देशभर में बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी, कॉलेज बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में दर वर्ल्ड रैंकिंग में केवल 12 भारतीय विश्वविद्यालय थे। हालांकि, अब यह संख्या बढ़कर 45 हो गई है। भारत के शिक्षा संस्थान दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं।

# HUL DIWAS : आदिवासियों की कुर्बानी से हिल गई थी ब्रिटिश हुकूमत की नींव

**• लगान मांगने पर अंग्रेजी हुकूमत के दारोगा का सिर काट डाला • दारोगा की भी कर दी थी हत्या**

- संताल विद्रोहियों ने मजिस्ट्रेट को घेरा, मदद के लिए सेना पहुंची
- संताल हूल विद्रोह के बाद सीएनटी कानून बना
- 30 हजार से अधिक धनुर्धरों ने दी थी अपनी कुर्बानी
- सिदो-कान्हू को पेड़ में लटका कर दी गई फांसी



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में 30 जून का खास महत्व है। इसी दिन संताल धनुर्धारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले जंग का आगाज किया था। जिसे संताल विद्रोह या संताल हूल के नाम से याद किया जाता है। इतिहास के पन्नों में ऐसे सिपाही विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई माना जाता है। लेकिन सिपाही विद्रोह से दो साल पूर्व झारखंड के संतालपरगना में क्रांति की शुरूआत हुई। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के शोषण और अत्याचार से तंग आकर वीर नायक सिद्धो, कान्हु,चांद, भैरव के नेतृत्व में विद्रोह का एलान किया था। संताल विद्रोह को संताल हूल के नाम से जाना जाता है। संताली भाषा में हूल का शाब्दिक अर्थ विद्रोह है। जिसमें करीब 30 हजार से अधिक धनुर्धरों ने अपनी कुबार्नी दी थी। तब बिहार और ओडिशा और अब झारखंड एकीकृत बंगाल का हिस्सा था। अंग्रेजी हुकूमत ने बेतहाशा जमीन का लगान बढ़ा दिया गया था। जमींदारों व महाजनों को किसानों से जबरन लगान वसूली की खुली छुट दे दी गयी थी। समय पर लगान नहीं चुकाने पर जमींदार और उसके अमला महाजनों द्वारा आमलोगों पर तरह-तरह से अत्याचार किया जा रहा था। इससे आम लोग परेशान थे। इस कारण आमलोगों के मन में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असंतोष की ज्वाला भड़क रही थी। इसी क्रम में कभी जंगल तराई के नाम से जाना जाने वाला अब झारखंड के संतालपरगना के साहेबगंज जिले के भोगनाडीह से आंदोलन की शुरूआत हुई।

**30 जून 1855 को चांदनी रात में 400 गांवों के 30 हजार आदिवासी जुटे**

साधन विहिन भोगनाडीह गांव के चार वीर सपूत सिद्धो, कान्हु, चांद और भैरव ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। चारों ने मिलकर आमलोगों को गोलबंद करने निकल पड़े। बस क्या था साल का पत्ता घुमाकर गांव गांव में संदेश पहुंचाया गया। इस संदेश के मुताबिक 30 जून 1855 को चांदनी वाली रात में बरहेट के समीप भोगना डीह गांव में लगभग 400 गांवों के करीब तीस हजार से अधिक लोग जुट गए। अंग्रेजी सल्तनत के अत्याचार से पीड़ित संताल वीरों ने अपने वीर नायक सिद्धो, कान्हु, चांद और भैरव के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का विगुल फूंक दिया। बेतहाशा लगान देने से इंकार कर दिया।

**लगान मांगने पर अंग्रेजी हुकूमत के दारोगा का सिर काट डाला**

इस दौरान बरहेट के समीप पंचकठिया में दिघी थाना के दारोगा महेश लाल दत्त के नेतृत्व में 7 जुलाई 1855 को सैनिकों की एक टुकड़ी के साथ पहुंची। संताल विद्रोहियों को सरकार के निर्देश के अनुसार लगान देने का निर्देश दिया। जिसे विद्रोहियों ने मानने से इंकार कर दिया। कहते हैं दारोगा ने सरकार का आदेश नहीं मानने पर वीर नायकों को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी। इससे संताल धनुधारी भड़क उठे और अपनी कुल्हाड़ियों से उस पर टूट पड़े। उसका सिर काट दिया। इस हत्या के बाद संथाल युद्ध पथ पर निकले संताल विद्रोहियों ने गोड्डा अनुमंडल के करहरिया थाना के दारोगा प्रताप नारायण की भी हत्या कर दी। इसके बाद संताल हुल की ज्वाला समूचे संताल परगना में फैल गयी। बिहार के भागलपुर के कहलगांव से लेकर पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले तक विद्रोह की आग फैल गयी। पीरपैंती के पास प्यालापुर और पाकुड़ जिले में तोराई नदी के तट पर तथा महेशपुर सहित कई स्थानों पर अंग्रेजी फौज और संताल सैनानियों के साथ जबरदस्त भिड़ंत हुई। इस विद्रोह में संताल धनुर्धरों के आक्रमक हमले से अंग्रेजी हुकूमत के सैकड़ों सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। जबकि फूट डालो राज करो की नीति का सहारा लेकर अंग्रेजी फौज ने बंधुक और गोला बारूद की बौछार कर हजारों संताल धनुर्धारियों को मौत की नींद सुला दिया। 1855 में संताल हूल का केंद्र झारखंड का संताल परगना था। जो जल,जंगल, जमीन की रक्षा के लिए यह सबसे बड़ी घटना थी। संताल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है।

**अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई, अंग्रेज अफसर शर्मिंदा हुए**

एक अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने लिखा है कि इस महान क्रांति में लगभग 20 हजार अधिक आदिवासियों को मौत के घाट उतार दिया गया। हालांकि, संथालों के इस बलिदान पर कोई भी अंग्रेज सिपाही ऐसा नहीं मिला, जो शर्मिंदा न हुआ हो। जिससे अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गयी थी। इतिहास के पन्नों में जन आंदोलन के रूप में दर्ज विद्रोह में संताल विद्रोहियों ने अपने परंपरागत हथियारों के दम पर ही ब्रिटिश सेना को पस्त कर दिया था और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का आह्वान किया था।

## झारखंड में मीडिया पर पहरा : राज्य सरकार के खिलाफ किसने क्या लिखा-छापा, अधिकारी रखेंगे चौकस नजर

- सरकार के खिलाफ भ्रामक खबरों का छापना पड़ेगा खंडन
- खबरों की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने बनाया पोर्टल
- वेबसाइट्स के रजिस्ट्रेशन के लिए सरकार ने बनाया नियम



**PHOTON NEWS RANCHI :** चार-पांच दिन पहले ही देश भर में इंदिरा गांधी की लगाई इमरजेंसी की खूब चर्चा हुई। यह भी कहा-बताया गया कि इमरजेंसी के दौरान मीडिया पर सेंसरशिप लागू थी। मसलन कोई भी खबर सरकार के खिलाफ नहीं छप सकती थी। सरकारी अमला से हर खबर दिखा कर छापनी पड़ती थी। यहां तक कि व्यंग्य की मूक विधा कार्टून और तस्वीरों को भी छापने के पहले क्लीयरेंस लेना पड़ता था। इसकी उपेक्षा करने वाले तब लगभग 200 पत्रकारों को सरकार ने जेलों में ठूंस दिया था। झारखंड सरकार ने भी एक उससे मिलता-जुलता फरमान जारी किया है। झारखंड सरकार ने खबरों की मानिटरिंग के लिए हाल के दिनों में कई कदम उठाए हैं। ताजा मामला यह है कि राज्य सरकार ने एक पोर्टल बनवाया है। उस पोर्टल पर यह ब्यौरा रोजाना दर्ज किया जाएगा कि किस अखबार ने सरकार के खिलाफ कौन-सी खबर छापी। खबर अगर गलत, तथ्य से परे या भ्रामक होगी तो संबंधित जिलों के उपायुक्त ऐसी खबरों का खंडन भेजेंगे।

**खबरों की मानिटरिंग के लिए बनाया पोर्टल**

राज्य सरकार ने इसके लिए एक पोर्टल बनवाया है। अखबारों में सरकार से संबंधित कितनी खबरें छपीं, कितनी विरोध में छपीं और किस अखबार ने छापी, ये तमाम जानकारियां पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दाडेल ने इस बाबत राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर कहा है कि वे पोर्टल की सूचनाओं पर नजर रखें। भ्रामक या गलत खबरें होने पर उसका खंडन अखबारों को भेजें।

## हूल दिवस पर राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने सिदो-कान्हू को याद किया



**PHOTON NEWS RANCHI :** हूल दिवस के मौके पर शुक्रवार को रांची के सिदो-कान्हू पार्क में स्थापित अमर शहीदों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा. झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आजसू, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो के बताए मार्ग पर चलकर उनके सपने को पूरा करेगा. उन्होंने कहा कि झामुमो का गठन ही जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हुआ है. उन्होंने कहा कि इस दिशा में महागठबंधन की सरकार निरंतर आगे बढ़ी है, कुछ सपने पूरे हुए हैं बाकी को भी हेमंत सरकार पूरा करेगी.

झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है, उस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे. हुल दिवस पर हमलोगों ने संकल्प लिया है.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक अहमद, सचिव हेमलाल मेहता हेमू, महिला राजद के प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, सरना धर्म के पाहन जगलाल पाहन ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.

## आज से बैंकिंग सेक्टर में होगा बड़ा बदलाव



**PHOTON NEWS RANCHI :** साल ही पहली छमाही खत्म होने के बाद कल एक जुलाई से कई नियम बदलने वाले हैं. इनमें से कुछ ऐसे नियम हैं जो सीधे हमारी- आपकी जेब पर असर डालने वाले हैं. आइए जानते हैं कि एक जुलाई से क्या-क्या बदलने वाला है..

**देश भर में क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (दउड) लागू :** केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2023 से देशभर में क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (दउड) लागू करने का एलान किया है. इस नियम के लागू हो जाने से देश में खराब क्वालिटी के जूते-चप्पलों की बिक्री पर पाबंदी लग जाएगी. सभी फुटवियर कंपनियों के लिए इन नियमों का पालन करना जरूरी हो जाएगा. ऐसे में एक जुलाई से देश में खराब क्वालिटी के जूते-चप्पलों के निर्माण और बिक्री पर पाबंदी लग जाएगी.

**आधार-पैन लिंक नहीं किया तो होगी परेशानी :** अगर अभी तक अपने आधार कार्ड और पैन कार्ड को आपने लिंक नहीं किया है, तो एक जुलाई से आपको परेशानी हो सकती है. आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख आज यानी 30 जून 2023 है. इसका मतलब है अगर आपने आज अपना आधार पैन लिंक नहीं किया तो कल यानी 1 जुलाई 2023 आपका पैन कार्ड इनएक्टिव हो जाएगा. पैन-आधार की ऑनलाइन लिंकिंग में समस्या आने पर इसे ठरउ्छ और वळक्ळरछ के पैन सेवा केंद्रों से ऑफलाइन भी करवा सकते हैं. अगर सरकार ने आधार और पैन को लिंक करने की तिथि को आगे बढ़ाई तो आपको राहत मिल सकती है.

**आरबीआई बचत बॉन्ड की दरों में बदलाव :** लोग आमतौर एफडी में निवेश को सबसे सुरक्षित मानते हैं। पर वर्तमान में एफडी के अलावे भी कई विकल्प हैं जिनमे निवेश कर एफडी से बढ़िया मुनाफा बनाया जा सकता है. ऐसे एक तरीका है आरबीआई के फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बॉन्ड में निवेश. एक जुलाई 2023 से इनपर मिलने वाला ब्याज दर बैंकों की एफडी से भी अधिक होगा. फिलहाल, इस पर बॉन्ड पर 7.35 फीसदी की दर से ब्याज दिया जा रहा है, जो 1 जुलाई से इसे बढ़ाकर 8.05 फीसदी किया जा सकता है. इस बॉन्ड के ब्याज दरों में हर छह महीने में बदलाव किया जाता है. इस बार यह बदलाव एक जुलाई को होना है।

### कोरोना प्रोत्साहन राशि मामलें में हुआ एक और नया खुलासा

## सरयू राय का नाम फिर से अभियुक्त के तौर पर जोड़ने का आदेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रोत्साहन राशि मामलें में एक नया खुलासा सामने आया है. कोरोना काल में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और उनके सहयोगी द्वारा प्रोत्साहन राशि लिये जाने के मामले में नया खुलासा हुआ है. रांची सिविल कोर्ट ने सरयू राय का नाम फिर से अभियुक्त के तौर पर जोड़ने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने डोरंडा थाना में सरयू राय और अज्ञात के खिलाफ डॉक्यूमेंट चोरी कर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का आरोप लगाते हुए एक एफआईआर दर्ज कराया था. उस एफआईआर में थाना प्रभारी ने सरयू राय का नाम मुख्य अभियुक्त से व्हाइटनर लगा कर मिटा दिया था. और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था. लेकिन स्वास्थ्य विभाग की आपत्ति के बाद रांची सिविल कोर्ट ने सरयू राय का नाम फिर से अभियुक्त के तौर पर जोड़ने का आदेश दे दिया है. अब इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आपत सचिव ने राज्य के डीजीपी से डोरंडा थाना प्रभारी और ूशी क्ड की संलिप्ता कि जांच कर कार्रवाई करने की मांग की हैं।

### झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का दिख रहा असर

## 6 दिनों में हुई बारिश से 25 प्रतिशत तक की भरपाई



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में साईक्लोनिक सकुर्लेशन और लो प्रेशन का असर अब तक बरकरार है। पिछले छह दिनों के दौरान विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान रांची समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों में मानसून की सक्रियता में कुछ कमी आ सकती है। इस दौरान बादल साफ रहने के बावजूद कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

**राजधानी रांची में सुबह से ही हो रही है अच्छी बारिश**

झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार सुबह से ही अच्छी हो रही है। रांची और आसपास के इलाके में रूक-रूककर हो रही लगातार बारिश से निचले इलाके में स्थित कई घरों में पानी घुस आया है। जबकि सड़कों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाने से लोगों को आने जाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**पलामू से लेकर संताल तक में अच्छी बारिश**

पिछले छह दिनों में पलामू से लेकर संताल तक में अच्छी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश गढ़वा के नगर उंटारी में 56.8 मिलीमीटर हुई, जबकि साहेबगंज में 50 और रांची के खलारी में 37 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार देश के पश्चिमी राजस्थान से लेकर मानसून टर्फ झारखंड होते नागालैंड तक बना हुआ है। इससे राज्य में बारिश होने की संभावना है।

**बारिश की कमी का प्रतिशत अब 47 प्रतिशत पर पहुंचा**

पिछले 24 घंटों की बारिश के साथ राज्य में बारिश में कमी का प्रतिशत 47 प्रतिशत पर आ गया है। पूरे राज्य में एक जून से लेकर अब तक 96.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है,जबकि इस समय तक राज्य में 181.4 मिलीमीटर वर्षा होती है। लगातार बारिश से खेतों में पानी की उपलब्धता बढ़ी है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर भारी बारिश संभव है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के कुछ हिस्सों, सौराष्ट्र और कच्छ, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और रायलसीमा में हल्की से मध्यम बारिश संभव है. जम्मू कश्मीर, लद्दाख और पश्चिमी राजस्थान में हल्की बारिश संभव है।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार, बेटे को दी जाए सुरक्षा



**PHOTON NEWS RANCHI :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने उसकी सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई है. अमन की मां मीनू श्रीवास्तव ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल कर यह मांग की है कि अमन श्रीवास्तव को जेल के बाहर सुरक्षा मुहैया करायी जाए. अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि अमन को जेल के बाहर दूसरे आपराधिक गिरोहों से खतरा है, इसलिए उससे जुड़े मुकदमों की सुनवाई फिजिकल मोड में न कर वर्चुअल मोड में की जाए. साथ ही कोर्ट के समक्ष सशरीर पेशी करने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से अमन की पेशी करवाई जाए. क्योंकि अमन श्रीवास्तव के पिता गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की भी कोर्ट में पेशी के दौरान ही गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. ऐसे में अमन पर जानलेवा हमले का अंदेशा है. फिलहाल मीनू श्रीवास्तव की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है.

बता दें कि झारखंड एटीएस ने अमन को मुंबई से गिरफ्तार किया था. जिसके बाद से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं. अमन के पिता सुशील श्रीवातव की हत्या हजारीबाग सिविल कोर्ट में दिनदहाड़े गोली मार कर कर दी गई थी. अमन ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखा था. फिलहाल अमन श्रीवास्तव पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी के लिए धमकी देने समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## BRIEF NEWS

### सिनेमा हॉल के कर्मचारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**RANCHI :** सिनेमा हॉल के कर्मचारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत होने की सूचना है. यह मामला लालपुर थाना क्षेत्र का है. गुरुवार देर रात पैंटालून के सामने वाली गली में रेंट पर रहने वाले रजत कुमार की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी. रजत रांची में एक सिनेमा हॉल में में कार्यरत था.

रजत कुमार के दोनों हाथ आगे की तरफ गमछे से बंधे हुए थे. इसलिए पुलिस के हर पहलू से जांच कर रही है. रजत के परिजनों ने भी पुलिस से इस मामले में जांच की मांग की है. स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि खिड़की से देखने पर रजत फंदे पर झूलता हुआ दिखा था. मौके पर उसके दोस्त पहुंचे और उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था. उसके दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और उसे नीचे उतारा. हालांकि तब तक रजत की मौत हो चुकी थी. घर की चाबी भी रजत के पॉकेट से बरामद की गयी है. कमरे से बाहर निकलने का कोई दूसरा दरवाजा भी नहीं है।

### फायर फाइटिंग मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**RANCHI :** राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर फाइटिंग की सुविधा मुहैया कराने को लेकर दाखिल अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.यह सुनवाई वर्चुअल मोड में हुई. मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर सेफ्टी जरूरी है. इसके लिए फायर एक्सटिंग्विशर सहित अन्य फायर उपकरण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लगाया जाए ताकि अस्पतालों में अप्रिय घटना होने पर आग पर काबू पाया जा सके।

### यूसीसी लागू करने को लेकर आदिवासी समाज नाराज

**RANCHI :** केंद्र सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का संकेत दे दिया है. परंतु सरकार की इस घोषणा पर विभिन्न वर्ग के लोगों की राय भी अलग-अलग है. आदिवासी समाज ने समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा पर रोष व्यक्त किया है. कुछ अल्पसंख्यक वर्ग के लोग भी विरोध कर रहे हैं. आदिवासियों का कहना है कि यूसीसी लागू होने से उनके विशेषाधिकारों का हनन होगा. उन्होंने समान नागरिक संहिता को जनजातियों को समाप्त करने की साजिश करार दिया है.

धनबाद जिले के दामोदरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अंजय हांसदा कहते हैं कि आदिवासी समाज कस्टमरी लॉ के अनुसार काम करता है. अगर समान नागरिक संहिता (यू सी सी) लागू होती है तो उससे हमारे समाज के लोगों के अधिकारों का हनन होगा, जिसे हम हरगिंज बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं.

आदिवासी समाज यूसीसी लागू नहीं होने देगा : रूप लाल किस्कू सामाजिक कार्यकर्ता रूप लाल किस्कू ने कहा कि यू सी सी किसी खास समुदाय के लिए सही हो सकता है. लेकिन भारत में विभिन्न समुदाय के लोग रहते हैं. हर समुदाय के अलग अलग रीति रिवाज हैं, अलग भाषा है. खास कर आदिवासी समाज तो बिल्कुल ही अलग है. वह अपने हिसाब से रहना पसंद करता है। सामाजिक कार्यकर्ता कालीपद हांसदा कहते हैं कि यूसीसी कानून को लेकर आदिवासी समाज में काफी रोष है. हम किसी भी हाल में यूसीसी कानून लागू नहीं होने देंगे।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# एमएस धौनी पर आ रहा नया भोजपुरी गीत : माही के जन्मदिन पर होगा रिलीज

- शहर के कलाकारों ने लांच की ह्वए बाबा धोनी के वर्ल्ड कप खेलाई' का पोस्टर
- झारखंड-बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन दी है आवाज, महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर होगा रिलीज



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का जन्मदिन इस बार कुछ खास होने वाला है। भोजपुरी के कुछ स्थानीय कलाकारों की ओर से धोनी पर भोजपुरी गीत के वीडियो एल्बम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका पोस्टर शुक्रवार जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में जारी किया गया। इस गीत को झारखंड-बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने गाया है। उन्होंने कहा कि धोनी पर पहली बार इस तरह का एल्बम बन रहा है, इसमें भक्त भगवान शिव से गुहार लगा रहे हैं कि ह्वए बाबा धोनी के वर्ल्ड कप खेलाई'। गीत के बोल काफी शानदार हैं। उम्मीद है यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा जाएगा। अजीत अमन ने बताया कि कोशिश की जा रही है कि इस गीत को खुद धोनी रिलीज करें। अगर, वे उपलब्ध नहीं हो पाएं तो उनकी मां, पिता या फिर भाई से संपर्क किया जाएगा। इस गीत में कई नई चीज देखने को मिलेंगी, जो लोगों को काफी आकर्षित करेंगी। इस गीत को बिहार व झारखंड के कलाकार मिलकर तैयार कर रहे हैं। फिलहाल इसकी रिकार्डिंग चल रही है। जल्द ही जमशेदपुर में इस गीत की शूटिंग होगी। अजीत अमन ने बताया कि सावन में ही माही का जन्मदिन भी है। वहीं, क्रिकेट वर्ल्ड कप भी सामने है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर इस गीत को तैयार किया जा है। अजीत अमन शुरू से ही बाबा भोले नाथ व धोनी के फैन रहे हैं। ऐसे में इस मौके का उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

**वीडियो में क्या है खास**

गायक अजीत अमन ने बताया कि इस बार वीडियो में कुछ विशेष देखने को मिलेगा। भक्ति के साथ खेल की भावना दिखाई देगी। इस वीडियो में एक भक्त इस सावन में बाबा भोले से 'धोनी' को फिर से क्रिकेट में वापसी के लिए अनुरोध करता दिखाई देगा। इस वर्ल्ड कप 2023 में धोनी को खेलते हुए देखना चाहता है। ताकि भारत फिर से विश्व विजेता बने। अजीत अमन ने बताया कि 'धोनी ' के करोड़ों फैन है।

**आईटी इंजीनियर ने निर्माण में किया सहयोग**

वीडियो एल्बम के निर्माण में नेहीश सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के चेयरमैन अवनीश श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इससे पहले रतन टाटा पर बने वीडियो एलबम ' भारत रत्न - 2 में भी निमार्ता के भूमिका में थे। इसके अलावे शिक्षक आलोक राज सिंह, उड़ान स्टडी सेंटर, शंकर झांकी, उदय मूवीज ने सहयोग किया है।

**-वीडियो में काम करने वाले कलाकार**

निमार्ता : अवनीश श्रीवास्तव
गायक : अजीत अमन
निर्देशक : उदय साहू, मनोज पांडे, महेंद्र कुमार
गीत : राहुल पांडे
संगीतः शरविंद मल्हार
स्टोरी : अमित तिवारी
सहयोग : आलोक राज सिंह, शंकर झांकी,
कलाकार : अजीत अमन, आरती, पल्लवी कौर, मुश्कान, शंकर झांकी एंड टीम।

# राष्ट्रपति से मिले काले, अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान कार्यक्रम में आमंत्रित किया



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शुक्रवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने अपने नेतृत्व एवं संरक्षण में हरहर महादेव सेवा संघ, नमन, अर्पण समेत अन्य संस्थाओं के माध्यम से जनहित में किए जाने वाले कार्यों से राष्ट्रपति को अवगत कराया. साथ ही अगले वर्ष नमन शहीदों के सपनों के बैनर तले आयोजित होने वाले अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निवेदन किया. मुलाकात के दौरान आदिवासी बहुल झारखंड प्रदेश, खासकर जमशेदपुर औद्योगिक शहर में शिक्षा, कला संस्कृति के संवर्धन और युवा पीढ़ी को नशा, हिंसा आदि भटकाव के रास्ते से बचाने के लिए अपनी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे छोटे -छोटे प्रयासों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया. हर हर महादेव सेवा संघ की ओर से हर वर्ष सावन की अंतिम सोमवारी को भजन संध्या का आयोजन हो या जाड़े में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण, संस्था सबसे आगे रहती है. संस्था अभी तक 2.25 लाख से ज्यादा जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर चुकी है. वहीं कोरोना काल में हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के अलावा सम्मान पूर्वक कोरोना मृतकों के अंतिम संस्कार में भी संस्था ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया.

**परंपरागत कला, संस्कृति के संवर्धन की जरूरत**

राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड में मूल परंपरागत कला एवं संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए जमशेदपुर में एक केंद्र की स्थापना की मांग की. उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि झारखंड, ओडिशा और सीमावर्ती छतीसगढ़,मध्यप्रदेश आदि प्रांतों के मूल निवासियों के लिए जमशेदपुर औद्योगिक शहर होने के नाते सर्वथा उपयुक्त जगह है. इसके अलावे उन्होंने जमशेदपुर में शिक्षा के विकास के लिए एक गाइड केंद्र शुरू कराने की अपीलक . जिससे बच्चों को करिअर के चयन और उसके बाद उनकी कोचिंग के लिए शिक्षकों और आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है.

# टाटा स्टील यूआइएसएल व जेएनएसी ने संयुक्त रूप से कराई नालों की सफाई



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील यूआइएसएल एवं जेएनएसी ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में नालों की सफाई कराई. टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा साकची स्थित हावड़ा ब्रिज के नीचे जमे मिट्टी एवं नाले की सफाई कराई. उल्लेखनीय है कि गुरुवार की शाम शहर में हुई एक घंटे की मुसलाधार वर्षा से साकची हावड़ा ब्रिज के नीचे जल जमाव हो गया था जिसके कारण घंटों कालीमाटी मुख्य सड़क पर जाम लगा रहा. भारी मात्रा में जल-जमाव के कारण दोपहिया वाहन पानी में तैरने लगे जबकि छोटी चारपहिया गाड़ियों में पानी घुस गया. चाहकर भी लोग कुछ नहीं कर पा रहे थे। पहली मुसलाधार बारिश में टाटा स्टील यूआइएसएल एवं जेएनएसी द्वारा बरसात को देखते हुए कराए गए नालों की सफाई की पोल खुल गई. इस संबंध में जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि गुरुवार को सड़कों पर जल-जमाव के कारणों की समीक्षा कर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि टीम बनाकर सभी बड़े नालों एवं छोटी नालियों की सफाई कराए जाएगी।

# आजसू पार्टी की जिला स्तरीय बैठक घाटशिला में संपन्न



**PHOTON NEWS GHATSHILA :** विभूति संस्कृति मंच कॉलेज रोड स्थित आजसू पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन गुरुवार को जिला महासचिव बुद्धेश्वर मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिला सम्मेलन में विभिन्न प्रखंडों से आए कार्यकताओं ने अपने प्रखंड की समस्या को जिला कमेटी के पदाधिकारियों के समक्ष रखा. जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने निर्देश दिया कि 15 जुलाई से पूर्व सभी बूथ कमेटी से लेकर प्रखंड कमेटी तक का गठन कर लें. जिस प्रकार संगठन पूरी तरह निष्क्रिय है वैसे प्रखंड को चिन्हित करते हुए तत्काल प्रखंड अध्यक्ष का गठन करते हुए समाज के ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन के माध्यम से समस्याओं का निराकरण करें। इसके अलावा जिला कमेटी ने 2024 के चुनाव को देखते हुए अभी से ही अपने-अपने क्षेत्र में तैयारी शुरू करने का निर्देश दिए. जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष मणि भूषण महतो, जिला उपाध्यक्ष वापी डॉन, जिला महासचिव बुद्धेश्वर मुर्मू सहित काफी संख्या में जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# बिरसानगर में सरयू राय ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## जल्द बन कर तैयार होगा बिरसानगर में कान्हू का स्मारक



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भाजमो एसटी मोर्चा की ओर से हूल क्रांति दिवस बिरसानगर जोन न.1 स्थित सिद्धू- कान्हू चौक पर मनाया गया। हूल दिवस एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कोया एवं बिरसानगर मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित थे। उन्होंने सिद्धू- कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरह हेमब्रम द्वारा विधायक को पारंपारिक पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा की 30 जुन 1855 को सिदो-कान्हू, चाँद- भैरव व फूलों-झानों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फुका था । जिसमें हजारों की संख्या में लोग शहिद हुए थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा की बिरसानगर स्थित सिद्धू- कान्हू प्रतिमा स्थल को स्मारक के रूप में जल्द ही विकसित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, प्रकाश कोया, शंकर कर्मकार, भगवत मुखर्जी, सूरज हेमब्रोम, राजन कुजूर, प्रसंजीत सिंह, राहुल सिन्हा, संजय कालिन्दी, राजू लोहार, राजू कर्मकार, अजय कुमार, प्रदीप रॉय, जीतेन्द्र कुमार, पिंकी बिस्वास, रेखा महाननंदी, खुसबू देवी, विनोद यादव, मोनी नाग, जानकी गोप, प्रेम रंजन घोष, रेवती देवी,महुवा चक्रबोती, राम सिंह मुंडा, राजू खलको, उपस्थित थे।

# भाजमो केंद्रीय महामंत्री समेत 8 को जमानत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत सूर्य मंदिर परिसर में टेंट लगाने को लेकर भाजपा और भाजमो कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए थे. दोनों पक्षों को बीच जमकर मारपीट हुई थी. इसी मामले को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री एवं कोल्हान के प्रभारी संजीव आचार्य समेत आठ ने जमशेदपुर न्यायालय में सरेंडर कर दिया. सरेंडर के बाद ही न्यायीक दंडाधिकारी सौदामनी सिंह ने सभी को जमानत दे दी. इस मामले में अधिवक्ता रंजधारी सिंह और अधिवक्ता प्रतिक शर्मा ने जमानत पर बहस की थी जिसके बाद अदालत ने संजीव आचार्य, जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, जय सिंह, राजीव चौहान, गौतम घर, ऋषी पाण्डेय को जमानत दी. जमानत के बाद सजीव आचार्य ने कहा कि न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा था।

# कोल्हान विश्वविद्यालय : पढ़ाई हुई नहीं और एग्जाम लेने पर भड़के छात्र

## सेमेस्टर 5 के छात्रों ने बिना पढ़ाई कराये एग्जाम कराने के निर्णय पर जताया आक्रोश



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय बैच 2020-2023 स्नातक सेमेस्टर -5 के छात्रों की परेशानी इन दिनों काफी बढ़ गयी है। छात्रों का कहना है कि बिना पढ़ाई के विवि की ओर परीक्षा लिया जा रहा है। यह कही से सही नहीं है। छात्रों ने कहा कि मात्र दो माह क्लास लेने के बाद परीक्षा फॉर्म निकाल दिया गया। इस संबंध में छात्रों ने कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रभारी वीसी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया है। लेकिन अभी तक छात्रों की परेशानियों का समाधान नहीं हुआ है। छात्रों की मांग है कि क्लास छह माह नियमित तौर पर चले उसके बाद ही परीक्षा ली जाए। बिना पढ़ाई के एग्जाम लेना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना है। परेशान छात्रों ने पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे से मिल कर इन परेशानियों से अवगत कराया और इस दिशा समाधान की मांग की। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पूर्वी सिंहभूम यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सनी सिंह, पूर्वी विधानसभा महासचिव यूथ कांग्रेस के निखिल तिवारी और कांग्रेस के युवा नेता कुलदीप सिंह वहां उपस्थित थे। सभी ने छात्रों से कहा कि अगर कोल्हान विश्वविद्यालय छात्रों के हित मे कोई फैसला नहीं लेता है तो कोल्हान विश्वविद्यालय का घेराव किया जायेगा और वे छात्रों के बात राज्य के मुख्यमंत्री के समकक्ष भी रखेंगे।

# युवा के सदस्यों को दिया गया संगठनात्मक विकास का प्रशिक्षण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) के कार्यकर्ताओं को शुक्रवार को संगठनात्मक विकास पर प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में युवा के सभी बोर्ड सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. आरंभ में युवा के संस्थापक अरविंद तिवारी ने वर्ष 1996 से अब तक युवा के सफर की विश्लेषणात्मक जानकारी प्रदान की. इस दौरान संस्था के विजन और मिशन को लेकर विचार विमर्श किया गया. साथ ही भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई. युवा के अध्यक्ष उषा सबीना देवगम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, नीता बोस, सचिव वणार्ली चक्रवर्ती ने युवा के संस्थागत विकास पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए. बाल विवाह रोकने के लिए पोटका में पिछले वर्ष चलाए गए अभियान व प्रयासों की जानकारी कोऑर्डिनेटर ज्योति हेंब्रम ने दी. चंद्रकला मुंडा ,रीला सरदार, अवंती सरदार ,चांदमनी और अंजना ने विभिन्न केस स्टडीज प्रस्तुत कर युवा के प्रयासों के बारे में बताया।

# संत मेरी इंग्लिश स्कूल जूनियर ब्लॉक के 364 बच्चे हुए पुरस्कृत



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित सेंट मेरिज अंग्रेजी उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को जूनियर ब्लॉक के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य फा वर्णन डिसूजा, स्कूल संस्थापक फा एडवर्ड सलधाना, उपप्राचार्य फा ऐलेक्स, उपप्राचार्य सिस्टर ईलाइजा जोसेफ एवं मुख्य अतिथि करीम सिटी कॉलेज मांस कम विभागाध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी उपस्थित थीं. रंगारंग कार्यक्रम में प्रार्थना नृत्य एवं हिन्दी गीत ने सबका मन मोह लिया. मुख्य अतिथि ने सभागार में उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब माता-पिता के दिए हुए सुसंस्कार शिक्षकों का सुदृढ मार्गदर्शन और बच्चों की मेहनत, प्रतिभा का समन्वय होता है, तब जाकर विलक्षण प्रतिभावान बच्चों का चरित्र निर्माण होता है। समारोह में 364 बच्चों को उनकी प्रतिभा के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए बच्चों एवं शिक्षिका ईविया फरणानडीज एवं शिक्षिका देबोश्री को भी सम्मानित किया गया. शिक्षिका-सुषमा तिर्की, अनिता सिंह एवं विजया गुप्ता को 25वर्षों तक विद्यालय संस्थान को दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया. शिक्षिका शशिप्रभा प्रसाद को उनके 60 वर्ष पूर्ण होने पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में शिक्षिका जैकलीन (कॉर्डिनेटर)ने धन्यवाद ज्ञापन किया और अनुशासित ढंग से स्कूल ऐंथम, राष्ट्रीय गान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## BRIEF NEWS

### बीएसएनएल चौक पर शर्बत और हलवा का वितरण



**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला के छेंड़ स्थित बीएसएनएल चौक में बहुड़ा यात्रा पर राउरकेला यूथ हैंड एसोशिएशन द्वारा हलवा और शर्बत का वितरण किया। इसमें संस्था के काबुली पाइकराय, सौम्य दास, संजीव, आनंद, देवाशीष लिहू, सुब्रत स्मृति, नीकू अमीर, सौरव, संग्राम, अचिनी, अभिषेक, विवेक, लालू, कमालदीप, शशांक, निखिल, कान्हा, कृषि, ओम, ऋषिकेश, आशीष राजा, विकश, नयन, अनिमेष, आयुष, रोहित, सुमित समेत अन्य का योगदान रहा।

### बाइक फिसलने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के बोनाई पुलिस सीमा के अंतर्गत केंद्रीकला के पास बाइक फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मृतक की पहचान श्रीतम कालो के रूप में हुई। घायल जसवन्त कालो को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नाबालिग से काम कराया तो होगा कारावास और जुर्माना



**PHOTON NEWS ROURKELA :** बच्चों को काम पर लगाने से सावधान रहें। नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराना दंडनीय अपराध है। राउरकेला में बाल श्रम रोकथाम के लिए जागरूकता बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग की ओर से राउरकेला महानगर निगम कांफ्रेंस हॉल में किया गया था। कार्यक्रम में राउरकेला के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला आयुक्त डॉ. शुभकंन महापात्र के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में संयुक्त श्रम आयुक्त, जिला श्रम अधिकारी, जिला बाल कल्याण अधिकारी मेजर शामिल हुए। अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को बाल श्रम निदान के प्रति सचेत किया। जागरूकता कार्यक्रम में राउरकेला होटल एसोसिएशन, राउरकेला मर्चेंट फेडरेशन के अध्यक्ष और विभिन्न संस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### दीपक हत्याकांड में रिमांड अवधि खत्म होने पर आरोपी को भेजा जेल



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सोनारी थाना अंतर्गत कुम्हारपाड़ा निवासी दीपक कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने दो शूटरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. मामले का मुख्य आरोपी दीपक का फुफेरे भाई रोहित सिंह ने बुधवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया था. इसके बाद पुलिस ने उसे 48 घंटे की रिमांड पर लिया था. रिमांड अवधि खत्म होने पर पुलिस ने रोहित सिंह को शुक्रवार को वापस जेल भेज दिया. पुलिस द्वारा पूछताछ में रोहित सिंह ने सारी कहानी बताई. रोहित ने पुलिस को बताया कि दीपक ने ही साल 2019 में उसकी शादी बारीडीह की एक युवती से कराई थी पर कुछ माह बाद ही शादी टूट गई. इसको लेकर अक्सर दीपक के साथ फोन पर गाली गलौज होता था. घटना से एक माह पूर्व ही उसने अक्षय सिंह उर्फ बाला को तीन लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी।

### चर्चित अखिलेश सिंह गिरोह के दो शूटरों का बेल रिजेक्ट कराने के मामले में हाईकोर्ट ने शूटरों को जारी किया नोटिस




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कुख्यात अपराधी अखिलेश सिंह का दाहिना हाथ कहे जाने वाले 2 शूटर सुधीर दुबे एवं कन्हैया सिंह को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों नहीं उनका बेल रिजेक्ट कर दिया जाए. मामले में उनके अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए जिसके बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया है. राज्य सरकार की ओर से इन दोनों के बेल रद्द करने का आग्रह करते हुए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई. सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने पैरवी की. दरअसल सुधीर एवं कन्हैया को जमशेदपुर के सोनारी थाना कांड से संबंधित एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली थी. इन पर अमित राय की हत्या करने का आरोप था. इन दोनो की ओर से हाईकोर्ट में सजा के खिलाफ अपील दायर की गई थी और कोर्ट से बेल देने का आग्रह किया गया था. हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 में इन दोनों को बेल प्रदान कर दी थी. इसके बाद सरकार की ओर से एक आईए दाखिल कर इनकी जमानत रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था. आईए में कहा गया कि यह दोनों कुख्यात अपराधी हैं इनके खिलाफ और भी अपराधिक मामला दर्ज है. बेल मिलने के बाद इनके जेल से निकलने पर उनकी और भी आपराधिक मामलों में संलिप्तता बढ़ गई है इसलिए इनकी बेल रिजेक्टर की जाए. इसके बाद सरकार के आग्रह एवं प्रार्थी के अधिवक्ता के उपस्थित नहीं रहने पर कोर्ट ने सुधीर एवं कन्हैया को नोटिस जारी कर उनसे पूछा है कि क्यों नहीं उनका बिल रिजेक्ट कर दिया जाए।

### मायुमं ने राजस्थान सेवा सदन हॉस्पिटल को दिया ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम के चौथे दिन शुक्रवार को शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतत्व में जुगसलाई स्थित राजस्थान सेवा सदन हॉस्पिटल मे अपना प्रथम ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर प्रदत्त किया गया. यह कार्यक्रम स्वर्गीय परमेश्वरी रामस्वरूप रिंगसिया के पुण्य स्मृति में, उनके परिवार के सौजन्य से पूर्ण हुआ. हरीश चंद्र रिंगसिया के हाथो से ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर हॉस्पिटल के सचिव जगदीश खंडेलवाल को दिया गया।

## कही धंसी सड़क..कहीं मार्केट पानी-पानी

# कुछ घंटों की बारिश में बहे पटना नगर निगम के वादे

**पटनाः** पटना में मानसून की पहली जोरदार बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं पटना पानी-पानी हो गया। राजधानी के कई पॉश इलाकों में घुटने से ऊपर पानी भर गया है। इसके साथ ही विधायक और जज आवास के सामने की सड़क धंस गई। कहीं मार्केट में पानी भर गया, तो कहीं दुकानों में बुरी तरह से पानी घुस गया है। राजधानी के कई इलाकों में जल-जमाव की समस्या बन गई है। पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। पटना में झमाझम बारिश में एक बार फिर से नगर निगम के सारे दावे भी बह गए। लोगों का कहना है कि बरसात में सीएम नीतीश कुमार का विकास डूब जाता है। हर साल की यही कहानी है।राजेंद्र नगर का हाल बुरा कुछ घंटों की बारिश से पटना के राजेंद्र नगर इलाके की सड़कें डूब गईं। स्थानीय निवासी संदीप कुमार ने बताया कि कुछ घंटे की बारिश के बाद ही जल-जमाव की स्थिति बन गई। नगर निगम की तरफ से कई बार यह वादा किया गया कि ड्रेनेज सिस्टम को ठीक कर लिया गया है, लेकिन बारिश ने सारी पोल खोल कर रख दी। स्कूल जाने वालों बच्चों के साथ ही दफ्तर निकलने वालों को जल-जमाव की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग घुटने भर पानी में जाने को मजबूर हैं।वीर चंद पटेल पथ के पास धंसी जमीनपटना के वीर चंद पटेल पथ के पास कई जगह जमीन धंस गई है। दरअसल नमामि गंगे योजना के तहत वीर चंद पटेल पथ स्थित जज आवास के पास खुदाई कर पाइप लाइन बिछाई गई थी। ऊपर से मिट्टी से भर दिया गया था। शुक्रवार की सुबह जस्टिस संदीप कुमार को जब उनकी गाड़ी लेने पहुंची तो उनकी गाड़ी के चक्के जमीन में धंस गए। ड्राइवर ने बताया कि सर को सुबह निकला था। वो सुबह 4 बजे उन्हें लेने आया था। जमीन धंसने की वजह से उनकी गाड़ी



फंस गई। घंटों की मशक्कत के बाद गाड़ी को निकाला जा सका। खेतान मार्केट के पास दुकान के अंदर पानी भर जाने से लोग काफी परेशान हैं। वहां पर मौजूद दुकानदार कृष्ण कुमार ने बताया कि पानी भर जाने से दुकान के अंदर का जो सामान है वह खराब हो रहा है। सरकार तो हमेशा से बोलती है कि अब अगली बार जब बारिश होगी तो पानी नहीं जमेगा। लेकिन हर बरसात में यही हाल होता है। रमेश कुमार ने कहा कि बारिश में हमारे नीतीश कुमार का विकास डूब जाता है। पटना के खेतान मार्केट का यह हाल है इसकी गिनती वीआईपी इलाके में होती है। जगह-जगह पर नाला भी खुला हुआ है। जल जमाव के कारण हमें यह डर लग रहा है कि पता नहीं कब कौन नाले में गिर जाए।कदमकुआं में घुटना भर पानी कदम कुआं इलाके के जगत नारायण रोड, लोहानीपुर सहित अन्य इलाकों में भी पानी भर गया। यहां सड़कों पर घुटने भर पानी लग गया। काशी नाथ लेन सहित अन्य इलाकों के लोग भी जल जमाव से परेशान दिखे।नगर निगम की खुली पोल बता दें कुछ घंटों की बारिश ने ही पटना नगर निगम के दावों की पोल खोल दी है। मानसून से पहले नगर निगम ने दावा किया था कि इस बार जल-जमाव की स्थिति नहीं होगी लेकिन हर साल की तरह इस बार भी नगर निगम के दावा फेल हो गया। पटना में बीते 24 घंटों के दौरान 26.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। ज्यादा बारिश के कारण जमा पानी-निगम आयुक्त पटना नगर निगम नगर के आयुक्त अनिमेष पराशर ने बताया कि एक दिन में 150 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है।

# आकाशीय बिजली से 3 की मौत, 2 जख्मी

## पटना समेत कई शहरों में भरा पानी

**पटनाःबिहार** में मानसून अब पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। आज जमुई और शेखपुरा में जोरदार बारिश हुई है। शुक्रवार सुबह से ही पटना,जहानाबाद, गोपालगंज में भी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों के लिए हेवी रेन का अलर्ट जारी किया है। नवादा में आकाशीय बिजली गिरने से तीन युवकों की मौत हो गई है। 2 अन्य जख्मी हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया है। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव के खेत में घटना घटी है। इधर, एक दिन की झमाझम बारिश में पटना के कई इलाकों में पानी भर गया है। सड़कें पानी में डूबी हैं। लोगों को



आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए राजधानी के प्राइवेट स्कूल आज बंद हैं। करीब 2 घंटे की बारिश ने पटना नगर निगम की पोल खोल कर रख दी है। गुरुवार की देर रात हुई झमाझम बारिश के कारण राजधानी के कई इलाकों में जल-जमाव की स्थिति बन गई है। राजेंद्र नगर, कदमकुआं, लोहानीपुर, नाला रोड सहित कई अन्य इलाकों में सड़क पर घुटने से ऊपर तक पानी भर गया है। जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें गाड़ियों के टायर पूरे तरह डूबे नजर आ रहे। लोग घुटनों तक भरे गंदे पानी में भींग कर जाने को मजबूर हैं। पानी इस कदर भर गया है कि सड़क का किनारा भी समझ नहीं आ रहा।पैदल चलने वाले हों या गाड़ी से जाने वाले सभी परेशान हैं। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण और गोपालगंज जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 90 टट तक बारिश होने का अनुमान है। जबकि पटना, गया, नालंदा, नवादा, बक्सर, भोजपुर, अरवल सहित अन्य सभी जिलों में सामान्य बारिश होने के आसार हैं।

# चलती कार से नवविवाहिता को फेंकने का मामला

## पति, ससुर, सास , ननद सहित नौ का नामजद

**मुजफ्फरपुर :**सदर थाना क्षेत्र के भिखनपुरा निवासी चंदा कुमारी से मारपीट मामले में पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने चलती कार से विवाहिता को फेंक दिया था। दोनों से थाने पर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। बताया गया कि दहेज प्रताड़ना को लेकर पीड़िता ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसमें उन्होंने दहेज में कार नहीं मिलने पर उन्हें चलती कार से फेंककर मारने की साजिश का आरोप लगाया था। इसमें पति वैशाली के सदर थाना क्षेत्र के दीपक सिंह, ससुर केदार सिंह, सास लीला देवी, ननद सोनी सिंह सहित नौ को नामजद कि थी। इसी दौरान पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इधर थानेदार सतेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। चंदा ने थाने को दिये आवेदन में कहा था कि उसकी शादी वैशाली सदर थाना क्षेत्र के दिघी कला निवासी दीपक कुमार से सात दिसंबर 2012 को हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपितों ने उससे दहेज में कार का डिमांड करने लगे थे। तना मारते थे। इसके लिए प्रताड़ित, गाली-गलौज और मारपीट करते थे। जिसकी जानकारी वह अपने मायके वालों को देती रहती थी। इसबीच दो जून 2023 को उनके साथ मारपीट की गयी और कमरे में बंद कर दिया गया। जिसकी जानकारी उनके मायके पक्ष को हुई। हाजीपुर सदर थाने की पुलिस ने उसे मुक्त कराया और वह अपने परिजनों के साथ मायके लौट गयी।

# किसानों की समस्या को देखते हुए बनाया गया सॉफ्टवेयर

**भागलपुरः** भारत एक कृषि प्रधान देश है। किसानों को अक्सर अपनी फसल में होने वाली समस्याओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संसाधन नहीं होने के कारण किसानों को अधिक मुनाफा नहीं मिल पाता है। लेकिन अब कक्क्ळ और बीएयू दोनों के संयुक्त देखरेख में निरोग ऐप को डेवलप किया गया है। इस ऐप के माध्यम से किसान अपनी फसल की बीमारी का पता लगा सकते हैं। फसल उपचार के तरीके को भी एप्लीकेशन से जान सकेंगे। ट्रिपल आईटी व बीएयू ने मिलकर इस एप्लीकेशन का नाम निरोग रखा है। इसमें ग्यारह तरह के फसलों के



बारे में जानकारी दी जाएगी।अगर किसी फसल के पत्ते में छेद हो जाता है, तो उसकी तस्वीर को एप्प पर अपलोड करेंगे। ई निरोग ऐप की मदद से उपचार की जानकारी मिल जाएगी। उपचार जानने के बाद किसान अपने नजदीकी कृषि केंद्र या दुकानों से दवाइयां ले सकेंगे।आईटी के फैकल्टी ने एआई आधारित सॉफ्टवेयर बनाया किसानों को फसल से जुड़ी समस्याओं में करेगा मदद बीएयू के कुलपति ने ये बताया था कि किसान जब अपने खेतों पर जाते थे, उनके फसल सूखे मिलते है या पत्तों में छेद होते हैं। किसानों को इस समस्या का निदान भी नहीं मिलता है। इसलिए ऐसा सॉफ्टवेयर बनाइये की उन्हें जानकारी मिल जाए। इसके बाद आईटी के फैकल्टी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया। समय पर बीमारी का उपचार मिल जाएगा। इस ऐप में गेहूं, मक्का, धान सहित कई तरह के फसल के बारे में जानकारी मिल सकती है।

# जमीनी विवाद में लहराया हथियार

**गया :** में पूर्व मुखिया के देवर पर जमीन को कब्जा करने का आरोप लगाया गया। इस संबंध में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा, जिसमें उसके द्वारा अपने साथियों के साथ बंदूक लेकर कब्जा करने पहुंचा था। परवाना ( सरकार की ओर से भूमिहिनों को दी जाने वाली भूमि के कागजात) की जमीन को कब्जा करने के लिए राइफल-बंदूक के साथ वह पहुंचा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस खेल को अंजाम देने में आइमा पंचायत के मुखिया का देवर ही मुख्य रूप से शामिल है। खास बात यह भी है कि राइफल-बंदूक के साथ दखल करने पहुंचे पूर्व मुखिया के देवर और उनके प्यादों से ग्रामीण तनिक भी नहीं डरे। ग्रामीण उलटा पूरी हिम्मत दिखाते हुए उनकी हरकत वीडियो में कैद करने में जुट गए। ताज्जुब की बात वीडियो बनाए जाने की स्पष्ट जानकारी होने के बावजूद दखल करने आए लोग तनिक भी नहीं डरे। वे बड़े ही शान से मौके पर ऐसे मौजूद दिख रहे। जैसे उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय ही नहीं है। फिलहाल खिजरसराय की पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। वायरल वीडियो एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है।आइमा पंचायत की पूर्व मुखिया वंदना कुमारी के देवर रंजन यादव हथियार बंद गुर्गे के साथ खेत पर पहुंचते हैं। और उसे कब्जा करने की कोशिश में जुट जाते हैं। इस बात की भनक लगते ही बड़ी संख्या में महादलित परिवार के लोग बाल बच्चे सहित उनका विरोध करने पहुंच जाते हैं। लड़के कब्जा करने आए लोगों का वीडियो बना रहे हैं तो महिलाएं लड़ाई झगड़ा नहीं करने की दुहाई दे रही हैं। सूत्रों का कहना है कि दलित के पास 40 एकड़ जमीन का परवाना है। वहीं कब्जा करने गए लोगों का कहना है कि 15 एकड़ जमीन उन लोगों के जमीन के मालिक से खरीदा है जिस पर लंबे समय से लोग अवैध कब्जा किए हैं।

# स्पीड ब्रेकर से अनियंत्रित होकर मैजिक पलटा 19 घायल

**बांकाः**बांका में श्रद्धालुओं से भरा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। 19 श्रद्धालु गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल श्रद्धालुओं को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी श्रद्धालु देवघर से बच्चों का मुंडन कार्यक्रम और पूजा-अर्चना करके मुंगेर लौट रहे थे। स्पीड ब्रेकर के कारण श्रद्धालुओं से भरा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना सूईया-कटोरिया मुख्य सड़क मार्ग के अबरखा के पास गुरुवार रात 10:30 बजे की है। पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल दोघरा गांव निवासी शिवा कुमार के पुत्र आदित्य राज और





पुत्री पीहू के देवघर में मुंडन कार्यक्रम को लेकर सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर गए थे। देवघर में मुंडन कराकर सभी मैजिक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान अबरखा स्पीड ब्रेकर को पार करने के दौरान मैजिक असंतुलित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में उपरोक्त सभी जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सुईया पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए कटोरिया अस्पताल पहुंचाया। अवधेश मंडल की पत्नी मीना देवी को देवघर रेफर कर दिया। सुइया थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं से भरा मैजिक वाहन पलटने के कारण 19 श्रद्धालुओं को गंभीर अवस्था में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले में पड़ताल कर रही है।ये लोग हुए घायल घायलों में मुंगेर के धरहरा थाना क्षेत्र के अमजापुर चांय टोला निवासी अशोक मंडल की पत्नी प्रेमा देवी, पुत्र रितेश कुमार, शिफत कुमार पिता गंगा महतो, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मयदरियापुर निवासी शुभम कुमार पिता अजय मंडल, आकाश कुमार पिता विजय मंडल, सीताकुंड के सिरोमनी देवी पति अजय मंडल, कासिमबाजार थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी राजेश महतो और उनकी पत्नी रूपम देवी, करबला निवासी रेणु देवी पति मुकेश मंडल और लखीसराय जिले के मैदनीचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत दोघरा निवासी जुलूस महतो की पत्नी इंदरा देवी, पुत्र छोटे लाल कुमार, पुत्री पार्वती कुमारी, सरस्वती देवी पति दुखो महतो, रिंकू देवी पति किशन महतो, शिवा कुमार, उसका पुत्र आदित्य राज, पुत्री पीहू कुमारी, दाना देवी पति फुदन महतो, मीना देवी पति अवधेश मंडल शामिल हैं। सभी का प्राथमिक उपचार कटोरिया रेफरल अस्पताल में डॉक्टर एसडी मंडल ने किया।


## संक्षिप्त -समाचार

### वन विभाग की टीम ने पांच ट्रैक्टर लकड़ी जब्त की



**गयाः** में पांच गाड़ियों पर लदी लकड़ी को जब्त किया गया है। घटना मोहनपुर थाना इलाके के केवला पंचायत अंतर्गत मथुरापुर गांव की है। कार्रवाई वन विभाग की तरफ से की गई है। इस संबंध में वन विभाग के पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई है। पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया है, जिस पर लकड़ियां लदी थीं।इस मामले में गांव के ही दो लोगों सहदेव यादव और मनीष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जब्त की गई लकड़ी को काहूदाग वन डिपो में लाकर रखा गया है। जंगल को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### शराब माफिया ने चौकीदार के घर की फायरिंग




**बक्सरः** शराब माफिया ने चौकीदार के घर में घुसकर फायरिंग की। हमले में चौकीदार के बेटे की मौत हो गई। जबकि दो पोते जख्मी हो गए। बदमाशों ने मुखबिरी के शक में घटना को अंजाम दिया है। घटना गुरुवार देर रात राजपुर थाना के देवढिया गांव में हुई। मृतक की पहचान चौकीदार ब्रिजा पासवान के बेटे टुनटुन पासवान (35) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में टुनटुन के बेटे संजीव कुमार (12) और सत्यम कुमार (14) कुमार है। टुनटुन गांव में ही सीएसपी चलाते थे। गुरुवार रात करीब 11 बजे तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान 4 नकाबपोश टुनटुन के घर पहुंचे। इमरजेंसी में पैसे निकालने का बहाना बनाकर दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।हमले में टुनटुन और उनके दो बेटे जख्मी हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी घटनास्थल पर ही अपना जूता-चप्पल छोड़ गए।

### अज्ञात शव का 62 घंटे बाद हुआ शिनाख्त



**समस्तीपुरः** विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के शेरपुर ढेपुरा हॉल्ट के ठीक सामने वाले धार्म गाछी में लटकी मिली शव की पहचान 62 घंटे बाद हुई है। मृतक युवक का नाम गोपाल कुमार साह बतया जा रहा है। मृतक तेघड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव,पोस्ट अंबा,जिला बेगूसराय के निवासी है। घटना की जानकारी के बाद मृतक के पिता मदन लाल साह विद्यापतिनगर थाना पहुंचे। मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र गोपाल साह कतर में रहता था। वह साल 2020 में अपने घर आया था। गांव में ही वो कपड़ा का दुकान चलाता था। मंगलवार 27 जून को जब मेरा बेटा गोपाल कुमार साह हर रोज की तरह सुबह- सुबह अपने घर से दुकान खोलने करीब 8 बजे निकला था।जब प्रतिदिन की तरह फूल - माला लेकर मालीन हमारे दुकान पर पहुंची तो देखा कि दुकान का ताला बंद है। वह हमारे घर पर फूल- माला लेकर पहुंच गए। 1 घंटा बीतने के बाद हमने अपने पोते को फूल - माला लेकर दुकान पर भेजा तो पाया कि अभी दुकान का ताला बंद है। गोपाल ने ना ही दुकान खोला और ना ही वो घर लौटा जिसको लेकर हम घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू किया।विद्यापतिनगर थाना के सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद मृतक के पिता को शव बरामद करने के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली की पोल के संपर्क में आने से हुआ हादसा

**बेगूसराय :**बेगूसराय में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद उस जगह काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। नाराज लोगों ने नगर थाने के सामने शव को रख कर पुलिस के



खिलाफ जमकर हंगामा किया। घटना नगर थाना क्षेत्र की है। मृतक युवक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के चट्टीरोड के रहने वाले श्री राम सागर शाह का पुत्र सूरज कुमार (20) के रूप में की गई है।परिजनों ने बताया कि सूरज कुमार मॉल में काम करता था। वह खाना खाने के लिए जा रहा था। तभी नगर थाने के सामने ही बिजली की पोल के संपर्क में आ गया। परिजनों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण सूरज कुमार की मौत हुई है। परिजनों ने यह भी कहा कि सामने में नगर थाना रहने के बावजूद भी युवक को निकालकर उसे इलाज कराने के लिए नहीं ले जाया गया। फिलहाल इस घटना के बाद मौके पर नगर थाने के पुलिस पहुंचकर किसी तरह मामले को शांत कराने में जुटी हुई है, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि मृतक सूरज कुमार घर का एकलौता कमाने वाला सदस्य था।

## साझा जिम्मेदारी

नॉर्थ ईस्ट के राज्य मणिपुर में पिछले महीने की तीन तारीख से शुरू हुई हिंसा की आग कभी तेज तो कभी धीमी हो रही है, लेकिन यह पूरी तरह बुझ नहीं पा रही। ऐसे में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का राज्य की दो दिवसीय यात्रा पर जाना एक अच्छी खबर है। राज्य में हिंसा का ताजा दौर शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब विपक्ष के किसी राष्ट्रीय दल का कोई बड़ा नेता वहां पीड़ितों से मिलने गया है। इससे पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा पर थे, तो यूपीए की चेयरपरसन सोनिया गांधी सामने आईं और उन्होंने मणिपुर के लोगों से शांति बनाए रखने की भावुक अपील की। यह ध्यान में रखने की बात है कि भले ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते रहे हों, हालात से निपटने के सरकार के तरीके को लेकर उनकी असहमतियां हों, लेकिन सोनिया गांधी ने अपनी उस अपील को आरोप-प्रत्यारोप और परस्पर दोषारोपण से अलग रखा। राहुल गांधी ने भी न तो मणिपुर जाने से पहले और न ही वहां पहुंचने के बाद इस तरह का कोई बयान दिया जिसे सरकार के साथ हिसाब बराबर करने की कोशिश के रूप में लिया जा सके। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि विपक्ष ने इस मसले पर सरकार को क्लीन चिट दे दी है। विपक्ष के नेता अपने बयानों में प्रधानमंत्री की चुप्पी को मुद्दा बनाते रहे हैं। सरकार के रवैये की भी आलोचना होती रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पिछले शनिवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष ने एक स्वर से मुख्यमंत्री को तत्काल हटाने की मांग की। सरकार ने अभी तक इस मांग को स्वीकार नहीं किया है, तो जाहिर है विपक्ष में इसे लेकर नाखुशी भी होगी। लेकिन यह समय अपनी खुशी-नाखुशी को देखने या असहमतियों पर हद से ज्यादा जोर देने का नहीं है। पक्ष-विपक्ष सबकी जिम्मेदारी अभी सबसे पहले राज्य के हिंसा प्रभावित लोगों तक पहुंचकर उन्हें यह बताने की है कि पूरा देश उनकी तकलीफों में उनके साथ खड़ा है और राज्य को इस स्थिति से निकलने में हर तरह की मदद देने को तत्पर है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की आपसी तकरार चलती रहती है, लेकिन कुछ ऐसे मौके होते हैं जिन पर उन्हें साथ खड़े होकर एक-दूसरे को रचनात्मक सहयोग देने की जिम्मेदारी निभानी होती है। यह ऐसा ही मौका है। हालांकि कुछ ऐसे बयान आए हैं दोनों तरफ से जो इस भावना के अनुरूप नहीं हैं। पुलिस द्वारा राहुल गांधी के काफिले को रोके जाने पर भी विवाद हुआ। लेकिन अच्छा है कि इसे तूल न देते हुए मामले को हल कर लिया गया। शांति की इस पहल को टकराव का बिंदु बनाना ठीक नहीं। सभी संबंधित पक्षों को इसे पॉजिटिव रूप में लेने की जरूरत है।


## पुरानी दोस्ती, नई जान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित और बहुप्रचारित अमेरिका यात्रा से लगा होने की वजह से उनके मिस्र दौरे को मीडिया में भले ही उस तरह की तवज्जो न मिल पाई हो, लेकिन यह यात्रा भी खासी अहम थी। न केवल दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के व्यापक समीकरणों के नजरिए से भी इस यात्रा के निहितार्थ गौर करने लायक हैं। ध्यान रहे, प्रधानमंत्री की इस यात्रा से पहले इसी साल मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी गणतंत्र दिवस के मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। उससे पहले सितंबर में भारत के रक्षा मंत्री और फिर अक्टूबर में विदेश मंत्री मिस्र की यात्रा पर गए थे। जाहिर है, पिछली सदी में गुटनिरपेक्ष आंदोलन में साथ-साथ लंबी पारी खेल चुके दोनों देश नई सदी में अपने रिश्तों को नई ऊंचाई देने को प्रतिबद्ध हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी का ऐतिहासिक सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना और पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान- ऑर्डर ऑफ द नाइल- प्रदान किया जाना दोनों देशों के इसी संकल्प के संकेत हैं। ऐसे संकेत और भी हैं। इसी साल सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में मिस्र को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मिस्र ब्रिक्स का भी सदस्य बनना चाहता है और भारत इसमें भी उसका समर्थन कर रहा है।

ये बातें दशार्ती हैं कि दोनों देश आने वाले दौर में आपसी सहयोग के फायदों को अच्छी तरह समझ रहे हैं। भारत जहां दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और कोरोना महामारी के बाद यूक्रेन युद्ध के चलते चुनौतियों से जूझते मिस्र को सहारा दे सकता है, वहीं मिस्र भी अपने स्ट्रैटेजिक लोकेशन के चलते भारत के लिए कई तरह से मददगार हो सकता है। यह न केवल एशिया को अफ्रीका से जोड़ता है बल्कि स्वेज नहर के जरिए पूरे एशिया को भूमध्यसागर और यूरोप से जोड़ता है। यह 11 करोड़ की आबादी वाला सबसे बड़ा अरब देश है। मुस्लिम विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में शुमार होता है। इस बिंदु पर यह भी याद रखने की जरूरत है कि प्रधानमंत्री ने अफ्रीकन युनियन को जी-20 में जोड़ने का प्रस्ताव किया है। यह पहल न केवल अफ्रीकी देशों के साथ भारत के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूती देगी बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत के प्रभाव में भी इजाफा करेगी। मिस्र के जरिए इन देशों तक पहुंच बनाना भारत के लिए आर्थिक और व्यापारिक सहयोग की नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मिस्र की प्रधानमंत्री की इस यात्रा को इस दौरान हुए एमओयू तक सीमित करके न देखा जाए। बेशक ये कृषि और पुरातत्व जैसे कुछ खास क्षेत्रों में सहयोग की ठोस जमीन तैयार करते हैं लेकिन दोनों देश सहयोग की जो संभावनाएं आगे देख रहे हैं, उन पर नजर बनाए रखना कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है।

# मोदी का अमेरिकी दौरा चीन और पाकिस्तान को बेचैन कर गया

ANALYSIS



ललित गर्ग

अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में जैसा भव्य स्वागत हुआ और अमेरिकी संसद में उनके संबोधन को जिस तरह सराहा गया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि दोनों देशों के संबंध एक नए युग में पहुंच रहे हैं। वैसे तो दोनों देशों के संबंध एक लंबे समय से प्रगाढ़ हो रहे हैं, लेकिन इसके पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को अमेरिका में शायद ही इतनी महत्ता मिली हो। इस महत्ता को रेखांकित कर रहे हैं रक्षा, तकनीक, उद्योग आदि क्षेत्र में हुए वे अनेक महत्वपूर्ण समझौते, जो भारत और अमेरिका के बीच हुए। इनमें कुछ समझौते ऐसे हैं, जिनके लिए भारत दशकों से प्रयासरत था, जैसे कि जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच युद्धक विमानों के इंजन एफ 414 को मिलकर भारत में बनाने का समझौता। इस तरह के समझौते दोनों देशों की निकटता को भी रेखांकित कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति भरोसे को भी। अमेरिका का भारत पर बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत के बिना चीन को करारा जवाब देना नामुमकिन है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरीका की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली साबित होगी। अमेरीका की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। भारत की अमेरिका यात्रा से चीन की नींद उड़ गयी है वहीं पाकिस्तान भी बौखलाया है। भारत के दोनों दुश्मन राष्ट्रों की तिलमिलाहट से जाहिर हो रहा है कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन रहा है। चीन बेचैन है भारत के प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक, निर्णायक एवं श्रेयस्कर अमेरिका यात्रा से। भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते यह भी दशार्ते हैं कि आज भारत को जितनी आवश्यकता अमेरिका की है, उससे कहीं अधिक उसे भारत की है। इसका एक कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका का कम होता प्रभाव और भारत का बढ़ता हुआ कद है। अमेरिका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरिका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। भारत एवं अमेरिका की दोस्ती प्रधानमंत्री की यात्रा से प्रगाढ़ हुई है, जो दोनों देशों के लिये शुभता का सूचक है।

मोदी की इस यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों की एक नई इबारत लिखी गयी है और नये संकल्पों की गौरवशाली यात्रा शुरू हो गई है। दुनिया के दो महान लोकतंत्र देश दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अपने बंधन को मजबूत कर रहे हैं। भारत लोकतंत्र की जननी है और अमेरिका आधुनिक लोकतंत्र का चैंपियन है। दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने में दोनों के साझा प्रयत्नों के सुपरिणाम सामने आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेश लौटकर भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में कहा, ह्रहम साथ मिलकर सिर्फ नीतियां और समझौते ही नहीं बना रहे हैं। हम जीवन, सपनों और नियति को भी आकार दे रहे हैं।ह्ल वास्तव में आज अमेरिका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। स्वयं, समाज एवं राष्ट्र के विकास से आगे बढ़ने की सोच देने वाला भारत अब दुनिया का विकास चाहता है, यही वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र आज दुनिया को भा रहा है और इसी कारण हर कोई भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है, चाहे वो शक्तिशाली राष्ट्र ही क्यों न हो।



निगाहें केवल चीन और पाकिस्तान की ही नहीं, बल्कि भारतीय प्रधानमंत्री के अमेरीकी दौरे पर दुनिया भर के देशों की थीं। यह अच्छा हुआ कि भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरीकी राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ, उसमें पाकिस्तान के साथ चीन पर भी निशाना साधा गया। ऐसा करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। आज दुनिया आतंकमुक्ति संसार की संरचना चाहती है।

अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में जैसा भव्य स्वागत हुआ और अमेरिकी संसद में उनके संबोधन को जिस तरह सराहा गया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि दोनों देशों के संबंध एक नए युग में पहुंच रहे हैं। वैसे तो दोनों देशों के संबंध एक लंबे समय से प्रगाढ़ हो रहे हैं, लेकिन इसके पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को अमेरिका में शायद ही इतनी महत्ता मिली हो। इस महत्ता को रेखांकित कर रहे हैं रक्षा, तकनीक, उद्योग आदि क्षेत्र में हुए वे अनेक महत्वपूर्ण समझौते, जो भारत और अमेरिका के बीच हुए। इनमें कुछ समझौते ऐसे हैं, जिनके लिए भारत दशकों से प्रयासरत था, जैसे कि जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच युद्धक विमानों के इंजन एफ 414 को मिलकर भारत में बनाने का समझौता। इस तरह के समझौते दोनों देशों की निकटता को भी रेखांकित कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति भरोसे को भी। अमेरिका का भारत पर बढ़ता भरोसा इस बात का परिचायक है कि भारत विश्व की एक महाबड़ी शक्ति बनने की राह पर अग्रसर है और भारत के बिना चीन को करारा जवाब देना नामुमकिन है।

इन नये बनते परिदृश्यों में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका की कोशिश भारत को चीन से मुकाबले के लिए तैयार करने की है, जबकि दूसरी ओर वह चीन की आर्थिक प्रगति में अवरुद्ध करना चाहता है। कुछ विश्लेषकों के मुताबिक, ह्रभारत के साथ आर्थिक व व्यापार सहयोग मजबूत करने के अमेरिका के पुरजोर प्रयास का मुख्य उद्देश्य चीन का आर्थिक विकास धीमा करना है।ह्ल इन दावों से इतर एक तथ्य यह है कि भारत के लिए अमेरिका के साथ व्यापार करना फायदे का सौदा रहा है। भारत को अमेरिका के साथ व्यापार करके अधिक आय होती है, जबकि चीन के साथ व्यापार के कारण बीते कुछ वर्षों से देश को सालाना औसतन 60 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा था। एडवांस्ड एप्लाइड मटीरियल्स के गैरी डिकर्सन ने मोदी से मुलाकात के बाद एक इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए 400 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा भी की है जिससे कई व्यावसायिक अवसर सृजित होंगे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने जाते हैं। कुशल श्रमिकों, विद्यार्थियों आदि के आदान-प्रदान के नियमों को सरल बनाने से न केवल वीजा प्रक्रिया रफ्तार पकड़ेगी बल्कि वीजा की संख्या में वृद्धि युवाओं को नए मौके देगी। अहमदाबाद और बेंगलूरु में अमेरिका के दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने व भारत द्वारा अमेरिका के सिएटल में और इसके बाद दो अन्य स्थानों पर वाणिज्य दूतावास खोलने की सहमति को भी उम्मीद भरे अवसरों की इसी दृष्टि से देखा जा सकता है।

अमेरिका एवं भारत के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता से चीन पर भारत की निर्भरता न्यूनतम हो जायेगी। चीन की दादागिरी उसके लिये कितनी नुकसानदेह साबित हो रही है कि एक बड़ा बाजार चीन के हाथ से निकल रहा है। बात भारत एवं अमेरिका की ही नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देश चीन की नीति एवं नीयत से परेशान हैं। बात खनिज क्षेत्र की करें तो अमेरिका के साथ बनी ह्रखनिज सुरक्षा साझेदारीह्ल के तहत धातुओं के क्षेत्र में बनी सहमति से चीन पर निर्भरता खत्म हो सकेगी। खासतौर से ईवी बैटरियों के निर्माण में आत्मनिर्भरता तो मिलेगी ही, ड्रोन, सोलर पैनल आदि निर्माणों को भी गति मिलेगी। सब जानते हैं कि अमेरिका और इजरायल के द्वारा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी ने दोनों देशों की अर्थव्यवस्था के विकास और स्थिरता के उद्देश्यों को प्राप्त करने में बड़ा योगदान दिया है। इसी तारतम्य में भारत का अमेरिका के साथ सामरिक संबंध भी महत्त्वपूर्ण है।

# विश्व सिनेमा : मलेशिया सिनेमा और छाया नाटक का विस्तार

1963 से पहले मलेशिया का नाम मलाया या ब्रिटिश मलाया था। 1957 में इसने स्वतंत्रता हासिल की और पहले द फेडरेशन ऑफ मलाया और फिर नाम परिवर्तित होने पर मलेशिया बना। मलेशिया में सिनेमा और सिनेमा जाने वालों को अक्सर पैन्गुन्ग वैयान्गकहते हैं। यहां पैन्गुन्ग का अर्थ थियेटर, मंच और यहां तक कि दर्शक भी है तथा वैयान्ग का मतलब परम्परागत पुतली थियेटर। वैयान्ग को गैम्बर से जोड़ कर भी बोलते हैं, जिसका अर्थ है, चित्र, चित्रांकन, फोटो मतलब मूवी।

विश्व सिनेमा में मलेशिया की फिल्मों की बात प्रमुखता से नहीं होती है। शायद ही इसका कहीं उल्लेख होता है। मलेशिया में यहां के छाया-नाट्य तथा थियेटर में सिनेमा की जड़ें हैं, जो यहां सदा से बहुतायत से रही हैं। छाया-नाट्य, फिल्मों की भांति सफेद परदे का उपयोग करता है। मूक सिनेमा की तरह छाया-नाट्य में भी ध्वनि तथा संगीत का प्रयोग अलग से होता है।

मूक फिल्मों के दौर में वादक परदे और दर्शकों के सामने वैठ कर पियानो-बैंड आदि बजाते थे, पुतली-छाया नाट्य में भी संवाद-संगीत पीछे से दिया जाता है। हालांकि सिनेमा के सवाक होते ही यह सब बदल गया। इसी कारण यहां के अभिनेताओं को परिवर्तित होकर सिने-अभिनेता बनने में खास दिक्कत न हुई और इनमें से कई आगे चल कर सिने-निर्देशक भी बने। मलेशिया में पहले-पहल फिल्म स्क्रीनिंग 1897 में अल्हाम्ब्रा थियेटर हाल में सिंगापुर में हुई थी, जिन्हें ब्रिटेन के रॉबर्ट विलियम पॉल ने प्रदर्शित किया था। जिसमें लघु फिल्मों की श्रृंखला दिखाई गई थी। बाद में यहां के दर्शकों ने सिंड्रेला एंड हर ग्लास स्लिपर, मेस्मेरिज्म एंड वन्डरफुल ड्रीम लाइफ पैशन ऑफ क्राइस्ट, तथा एडविन एस. पोर्टर की ह्यद ग्रेट ट्रेन रोबरी भी देखी। 1913 तक मलाया पेनिन्सुला में करीब 14 थियेटर थे। 1929 में सोलह शहरों में 35 थियेटर थे और छोटे शहरों में 10-12 थियेटर आम बात थी।




**मलेशियन फिल्मों पर भारत का प्रभाव**

मलेशिया की फिल्मों पर भारत का प्रभाव रहा है। मलाया भाषा में पहली फिल्म लैला मजनू बनी। यह 1933 में हुआ मगर इसे बनाने वाले केवल मलाया के लोग ही न थे। इसे बनाने में मलाया के अलावा इंडोनेशिया के लोग भी शामिल थे। इनमें से अधिकतर लोग किसी-न-किसी परम्परागत कला से जुड़े हुए थे। इसीलिए उन्हें स्टेजक्राफ्ट, अभिव्यक्ति तथा अभिनय की आधारभूत जानकारी थी। बाद में इसी नाम से कई बार फिल्म बनी। यह भारत का प्रभाव था। भारत में भी लैला मजनू फिल्म बहुत बार बनी है।

चालीस के दशक में यहां मुतिअरा (पर्ल), बेरमाडु (पोलीगैमी), टोपेंग शैतान (मास्क ऑफ द देवी), हैंचुर हैटी (हार्ट ब्रोएअ), इबु तिरी (स्टेपमदर), तीगा केकैसिह (थ्री लवर्स) तथा तेरैंग बुलान डी मलाया (फुल मून इन मलाया) जैसी फिल्में बनीं। जब 1941-1945 में मलाया पर जापान का आधिपत्य रहा तो यहां ढेर सारी प्रोपेगंडा फिल्में बनीं।

इनमें मार्च टू सिंगापुर, ए नाइट इन चाइना आदि फिलें प्रमुख हैं। इसी समाय चैपलिन की ह्यसिटी लाइट्स की तर्ज पर ह्यटोकियो सिंफनी बनी और पता नहीं कैसे इसे दिखाने भी दिया।

पचास के दशक में मलाया फिल्मों में धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा जिसका मुख्य कारण था स्थानीय लोगों का सिने-निर्देशन की दिशा में आगे आना था। ये लोग अधिक वास्तविक तथा वांछिनीय फिल्म बनाए लगे। ये मलेशिया के जीवन से जुड़े मुद्दों को उठा रहे थे। आधुनिक सभ्यता पर टिप्पणी कर रहे थे। इस समय काफी लोग मलेशिया छोड़ कर रोजगार की खोज में सिंगापुर पलायन कर रहे थे और अपनी जड़ों से, अपनी परम्परा से, अपनी संस्कृति से दूर हो रहे थे। इस काल की मलाया फिल्में इन बातों को अपनी फिल्मों में उठा रही थीं। इसी समय विस्ट्फुल रीड बनी इसे बी. एस. राजहंस ने निर्देशित किया था और इसमें इंडोनेशिया के कलाकार शरीफ मेडान ने भूमिका की थी। यह मलेशिया की पहली रंगीन फिल्म है।

साठ के दशक की फिल्में मुख्य रूप से हास्य फिल्में थीं। इसी समय शी-वैम्पायर फिल्म सिरीज भी बनी, लेकिन इसी समय बनी फिल्म ग्रैंडसन ऑ लोर्ड मेराह भिन्न प्रकृति की थी। सत्तर के दशक में लव एंड सॉन्ग म्युजिकल फिल्म बनी।

90 के दशक में एनिमेशन फिल्में चौथे प्रधानमंत्री डॉ. महाथिर मोहम्मद के साथ यहां एनीमेशन फिल्में बनने लगीं क्योंकि वे सूचना एवं संचार तकनीकि के पक्ष में थे। 1995-2015, बीस साल के दौरान मलेशिया में करीब 200 एनिमेशन फिल्मों का निर्माण हुआ। ये फिल्में देश के बाहर भी देखी गईं। एनीमेशन फिल्म गैंगः दि एडवेंचर बिगिंन्स ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की। यह मलेशिया के अलावा इंडोनेशिया, सिंगापुर, भारत में भी देखी गई। निजाम रजक द्वारा निर्देशित यह फिल्म मलेशिया के जंगल में चलती है जहां कुछ युवा और बच्चे दूसरे डाइमेंशन के जीवों के संपर्क में आते हैं। मलेशिया के सिने-निर्देशक, स्क्रिप्टराइटर तथा एक्टर एडमैन बिन मोहम्मद सालेह, जो एडमैन सालेह के नाम से जाने जाते हैं, उन्होंने अब तक मात्र तीन फिल्में बनाई हैं जिसमें ब्युटीज ऑफ द नाइट एक भाई की अपनी बहन की खोज से जुड़ी है, अमोक परम्परा के साथ येलो कल्चर यानि पतनशील व्यवहार को दिखाती है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन।
हूल जोहार!
झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें!
जय झारखण्ड!

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



मुझे बताया गया है कि एक ओर जहां झारखंड के युवा, शिक्षित बेरोजगार नौकरी की उम्मीद में दर-दर मारे फिर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ बेईमान अफसरों ने हेमंत कार्यकाल में अपने पद का दुरूपयोग एवं धौंस देकर अपने परिवारवालों को सरकारी-गैर सरकारी महत्वपूर्ण संस्थानों में पिछले दरवाजे से महत्वपूर्ण नौकरी दिलवायी है। इस बारे में और विस्तार से जानकारी इकट्ठा कर रहा हूँ। जल्द इस अंधेरगर्दी का भी खुलासा करूँगा।

**(बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# यूसीसी : 2024 में कितना कारगर होगा ये गणित

साल 2002 में गुजरात दंगों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को मुस्लिमों के विरोधी के तौर पर देखा जाने लगा था। 2014 में बीजेपी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरकर आई और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। इसके बाद से मोदी सरकार लगातार मुस्लिमों को अपने करीब लाने की कोशिश करती रही है। मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक प्रथा खत्म की गई। मोदी सरकार में कई योजनाएं मुस्लिम समाज के लिए शुरू की गई। इनमें उड़ान, शादी शगुन, उस्ताद, सीखो और कमाओ और ईदी योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं। अब ह्यमोदी मित्रह्ल लाकर सरकार मुस्लिमों को बीजेपी से जोड़ने का काम करेगी। ठीक इसी वक्त बीजेपी सरकार में यूनिफॉर्म सिविल कोड की आहट है। भोपाल में मंगलवार को सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा-- एक घर दो कानूनों से नहीं चल पाएगा, ठीक उसी तरह से एक देश में दो कानून नहीं हो सकते हैं। एक देश में एक ही कानून चलेगा। इस बयान से सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले सरकार देश में यूसीसी लागू कर सकती है। ऐसे में मोदी मित्र और यूसीसीदोनों को लेकर सरकार कैसे सामंज्यस और संतुलन बैठाएगी यह देखने वाली बात होगी। जानते हैं क्या है मोदी मित्र, किसे बनाया जा रहा है और क्या है इसके पीछे का मकसद। दरसअल, मोदी मित्र एक अभियान है जिसका मकसद ज्यादा से ज्यादा मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जोड़ना है। भाजपा ने इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश के देवबंद से की है, बता दें कि उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य है। मोदी मित्र अभियान की जिम्मेदारी भाजपा के ही अल्पसंख्यक मोर्चा को दी गई है। मोदी मित्र अभियान को 29 अप्रैल 2023 को लॉन्च किया गया था। यह अगले साल फरवरी तक जारी रहेगा।



**क्यों चुना देवबंद को :** उत्तर प्रदेश में मोदी मित्र के लिए देवबंद को चुना गया है। दरअसल, देवबंद इस्लामिक शिक्षा के लिहाज से एक बड़ा सेंटर है। यहां अगर मोदी मित्र अभियान सफल रहता है तो भाजपा ज्यादा से ज्यादा मुसलमानों को पार्टी से जोड सकने में भी कामयाब रहेगी। दिए जा रहे मोदी मित्र प्रमाण पत्र : मोदी मित्र अभियान के तहत 'मोदी मित्र' प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। इन प्रमाण-पत्रों को चुने गए व्यक्ति, पेशेवर या व्यवसायी को दिया जा रहा है, जो पीएम मोदी और उनकी नीतियों में रुचि रखते हैं, भले ही उनका राजनीतिक झुकाव अब तक कुछ भी हो। भाजपा ने इसके लिए 65 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों का चयन किया है, जहां उनकी आबादी 30 प्रतिशत से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के देवबंद शहर में लगभग 150 मुसलमानों को 'मोदी मित्र' प्रमाण पत्र दिए गए हैं। सभी मोदी मित्रों को दिल्ली में 'मोदी मित्र' कार्यक्रम में बुलाया जाएगा। यहां पीएम मोदी इन्हें संबोधित करेंगे।

**मोदी मित्र का मकसद :** दरअसल, 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां अभी जहां एक साथ आने की जद्दोजहद कर रही हैं, वहीं बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है।

## I WANT TO SAY...



कहावत है- एक तो करैला, उसपर से नीम चढ़ा। राजधानी के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, दूसरी ओर लाखों गैलन पानी बर्बाद होने की खबरें लगातार आ रही हैं। जरा सोचिए, इतने पानी से कितने लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हो सकती थी। राजधानी में जगह-जगह काम चल रहा है। कहीं फ्लाईओवर का काम चल रहा है तो कहीं सड़क चौड़ीकरण का। कही पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी जा रही हैं। इस क्रम में जगह-जगह जलापूर्ति पाइपलाइन फटने की घटनाएं हो रही हैं। जो पाइपलाइन बिछाई गई है वह दशकों पुरानी है। इस वजह से जर्जर हो चुकी है। इसमें सैकड़ों जगह लीकेज होने से पानी की बबार्दी होती रहती है। ताजा घटना में रूक्का- हटिया मेन पाइप लाइन गुरुवार को रूक्का स्कूल के पास फटने के कारण एक लाख से अधिक आबादी जलापूर्ति के लिए बाधित रही। विभाग का दावा था कि गुरुवार देर रात तक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। दावा विफल साबित हुआ। शुक्रवार को भी पाइप लाइन मरम्मत नही हो सकी। पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के अनुसार जलापूर्ति सामान्य नही होने का मुख्य कारण नागाअर्जुन कंपनी द्वारा नियर रूक्का स्कूल के पास पाइप लाइन फटने के कारण नई पाइप लाइन पुरानी पाइप लाइन ऊपर हो गई है। मरम्मत के दौरान खुदाई में नई पाइप लाइन के नीचे से अधिक मिट्टी हटा दिया गया है। जिसके कारण पाइप लाइन बिछाने में परेशानी हो रही है। इस तरह की व्यवस्थागत खामियों को दूर किए जाने की जरूरत है।

**हरिनाथ साहू, नेता लोकहित अधिकार पार्टी सह केंद्रीय महासचिव, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# शिखर धवन की होने जा रही है वापसी, इस बड़े टूर्नामेंट में कर सकते हैं टीम इंडिया की कप्तानी

**मुम्बई(एजेंसी)।** लगातार कुछ समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन को लेकर एक अच्छी खबर आई है। जानकारी के मुताबिक शिखर धवन टीम इंडिया का नेतृत्व एशियन गेम्स 2022 में कर सकते हैं। वहीं, इसके लिए एनसीए चीफ वीवीएस लक्ष्मण को कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से लेकर 8 अक्टूबर के बीच चीन में हो रहा है। एशियन गेम्स में बीसीसीआई ने पुरुष और महिला टीम भेजने को लेकर सहमति दे दी है। ऐसे में टीम इंडिया का नेतृत्व शिखर धवन कर सकते हैं।

### बीसीसीआई भेजेगी दोयम दर्जे की टीम

माना जा रहा है कि बीसीसीआई एशियन गेम्स के लिए दोयम दर्जे की टीम भेजेगी। इस टीम का नेतृत्व शिखर धवन कर सकते हैं। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि एशियन गेम्स और वर्ल्ड कप की तारीखें टकरा रही हैं। ऐसे में यह माना जा सकता है कि शिखर धवन की अब वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में वापसी नहीं होगी। लेकिन एशियन गेम्स में वह टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। अगर वर्ल्ड कप में ऋतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलता है तो उन्हें एशियन गेम्स में खेलते हुए देखा जा सकता है। शिखर धवन टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। हालांकि, 37 वर्षीय शिखर धवन ने अपना आखिरी मुकाबला पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

### आईपीएल में कितने कप्तानी

आईपीएल 2023 में शिखर धवन ने पंजाब की कप्तानी की थी। शिखर धवन को बड़े टूर्नामेंट का खिलाड़ी माना जाता है। चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में शिखर 90.75 की औसत से 363 रन बनाए थे। उनका बल्ला वर्ल्ड कप, एशिया कप और टी20 विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भी चला है। शिखर धवन ने 68 टी-20 मुकाबले खेले हैं, जबकि 167 वनडे इंटरनेशनल में उन्हें खेलने का मौका मिला है। 34 टेस्ट मुकाबले में शिखर धवन ने टीम इंडिया की ओर से खेले हैं। वहीं आईपीएल में अलग-अलग टीमों से उन्होंने 217 मुकाबले खेले हैं।



# वीनस विलियम्स 24वें विम्बलडन में स्वितोलिना के खिलाफ करेंगी शुरुआत



**विम्बलडन (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** पांच बार की विम्बलडन चैम्पियन वीनस विलियम्स 24वीं बार यहां टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलने उतरेंगी जिसमें वह अपना अभियान एलिना स्वितोलिना के खिलाफ शुरू करेंगी जो 2019 के सेमीफाइनल में पहुंची थी।

शुक्रवार को निकाले गए विम्बलडन ड्रा में दो बार यहां खिताब जीत चुके एंडी मरे पहले दौर के मैच में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रेयान पेनिस्टन से भिड़ेंगे जो ब्रिटेन के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा। वीनस (43 वर्ष) ने इस सत्र में केवल पांच मैच खेले हैं और अप्रैल में टूर में वापसी करने वाली स्वितोलिना दोनों को आल इग्लैंड क्लब ने वाइल्ड कार्ड दिया है।

इस मैच की विजेता खिलाड़ी दूसरे दौर में 28वीं वरीय एलिसे मर्टन्स और इसके बाद सातवें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफसे भिड़ सकती हैं। गॉफ ने 2019 में विम्बलडन में वीनस को हराकर अपना ग्रैंडस्लैम करियर शुरू किया था, तब वह महज 15 वर्ष की थी। वीनस 2000, 2001, 2005, 2007 और 2008 की विम्बलडन विजेता हैं और दो बार अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम जीत चुकी हैं।

मर्रे और पेनिस्टन के बीच मैच के विजेता की भिड़ंत पांचवें वरीय स्टेफनोस सिटसिपास या 2020 अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थिएम से होगी। साल का तीसरा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट सोमवार (तीन जुलाई) से शुरू होगा जिसमें दूसरे वरीय नोवाक जोकोविच लगातार पांचवीं और कुल आठवीं चैम्पियनशिप जीतने के लिए पदार्पण कर रहे अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन (67वीं रैंकिंग) के खिलाफ मैच से शुरूआत करेंगे।

# ओमान पर जीत के बाद विश्व कप क्वालीफिकेशन के एक कदम करीब पहुंचा जिम्बाब्वे



**बुलावायो (एजेंसी)।** सीन विलियम्स के लगातार दूसरे शतक से जिम्बाब्वे ने गुरुवार को यहां आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में ओमान पर 14 रन की जीत दर्ज की जिससे वह भारत में होने वाले 50 ओवर के महासमर के एक कदम करीब पहुंच गया।

जिम्बाब्वे ने यहां अपने पहले मैच में ग्रुप ए के प्रदर्शन को जारी रखते हुए ओमान को पराजित किया जिसमें विलियम्स की शानदार फॉर्म जारी रही। ग्रुप चरण में चारों मैच जीतने वाली मेजबान टीम जिम्बाब्वे के अब सुपर सिक्स चरण में छह अंक हो गये हैं जबकि चार अंक उसे ग्रुप चरण से मिले थे।

ओमान ने कश्यप प्रजापति (103 रन) के शतक से 333 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए काफी जोर लगाया लेकिन टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 318 रन ही बना सकी। जिम्बाब्वे ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद विलियम्स के 142 रन (103 गेंद) से सात विकेट पर 332 रन बनाए। विलियम्स अभी तक टूर्नामेंट की पांच पारियों में तीन शतक जड़ चुके हैं और एक 91 रन की पारी खेल चुके हैं।

# खिलाड़ियों के विदेशी लीग में भाग को रोकने नियम ला सकता है बीसीसीआई

### -खिलाड़ियों के विदेशी टी20 लीग का रुख करने से बोर्ड चिन्तित

**मुम्बई(एजेंसी)।** क्रिकेटर सुरेशा रैना के बाद जिस प्रकार बल्लेबाज अंबाति रायुडू ने विदेशी टी20 लीग की ओर अपना रुख किया है। उससे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चिन्तित हो गया है। इसका कारण से है कि खिलाड़ी अब तीस से कम उम्र में ही संन्यास लेकर विदेशी लीग जाने लगे हैं। इसी को देखते हुए बीसीसीआई अब सात जुलाई को होने वाली अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में विदेशी टी20 लीग में खिलाड़ियों के भाग लेने की वर्तमान नीति की समीक्षा करेगा। पिछले तीन साल से कई स्टार क्रिकेटर घरेलू क्रिकेटर से संन्यास लेकर विदेशी टी20 लीग खेल रहे हैं। इसमें रैना के अलावा , युवराज सिंह, हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। वहीं अब इनमें रायुडू का नाम भी जुड़ गया है। घरेलू क्रिकेटर भी 30 की उम्र होने से पहले ही क्रिकेटर संन्यास ले रहे हैं और विदेशी टी20 लीग में भाग ले रहे है। इन हालातों को देखते हुए बीसीसीआई अब कड़े नियम ला रहा है।

बीसीसीआई पंजीकृत खिलाड़ियों को तभी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेने की अनुमति देता है जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी शामिल है। रायुडू ने पिछले महीने चेन्नई सुपरकिंग्स की खिताबी जीत में भूमिका निभाने के बाद आईपीएल से संन्यास ले लिया था। अब वह जुलाई में अमेरिका में होने वाली शुरुआती मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में टेक्सास सुपरकिंग्स में खेलते हुए नजर आएंगे। बीसीसीआई अपने सक्रिय खिलाड़ियों को टी20 लीग में हिस्सा लेने से बचाना चाहता है और ताजा घटनाक्रम को देखते हुए वह अपने रिटायर्ड खिलाड़ियों की भागीदारी पर एक अनुच्छेद ला सकता है। घरेलू क्रिकेट का स्तर और ज्यादा कमजोर नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह ऐसा कर सकता है क्योंकि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के फैलने से काफी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं।।

# विनेश और बजरंग प्रशिक्षण के लिए किर्गिस्तान और हंगरी जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवान बजरंग पूनिया और महिला पहलवान विनेश फोगाट जुलाई के पहले सप्ताह में ही प्रशिक्षण शिविरों के लिए किर्गिस्तान और हंगरी जाएंगे। ये दोनो ही ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) योजना के तहत भेजे जा रहे हैं। खेल मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) की टॉप्स टीम को अपने प्रस्ताव भेजे थे। जिन्हें स्वीकार कर दिया गया है। बजरंग 36 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए इस्सिक-कुल, किर्गिस्तान जाएंगे जबकि विनेश पहले एक सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान जाएंगी और फिर 18 दिनों के प्रशिक्षण शिविर के लिए हंगरी जाएंगी।

विनेश के साथ इस दौरे में फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्पैरिंग पार्टनर संगीता फोगाट और कोच सुदेश भी रहेंगे। वहीं बजरंग के साथ कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता, स्पैरिंग पार्टनर जितेंद्र और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग विशेषज्ञ काजी हसन रहेंगे। सरकार विनेश, बजरंग के अलावा संगीता फोगाट और जितेंद्र को भी प्रशिक्षण के लिए भेजेगी।

# सबसे अधिक टेस्ट शतक के मामले में वॉ की बराबरी पर पहुंचे स्मिथ

### -विराट , रुट और विलियमसन को पीछे छोड़ा

लंदन ।अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की शतकीय पारी 110 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 416 रन बनाये।ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्मिथ ने 110 रन बनाये।इस प्रकार स्मिथ ने 32 वां टेस्ट शतक लगाया है।स्मिथ ने पहले दिन के 85 रन से आगे खेलते हुए जेम्स एंडरसन की गेंद पर चौका लगाकर शतक बनाया। स्मिथ ने इससे पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ शतक लगाया था।यह उनका इंग्लैंड के खिलाफ 12वां टेस्ट शतक था।इस प्रकार वह सबसे अधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के बराबर आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं।

# अब राजनीति में उतरेंगे रायुडू

हैदराबाद ।क्रिकेटर अंबाती रायुडू अब राजनीति में प्रवेश करेंगे।आंध्र प्रदेश से निकलकर टीम इंडिया की ओर से खेलने वाले रायुडू ने विश्वकप में जगह नहीं मिलने के बाद नाराजगी व्यक्त करते हुए खेल से संन्यास ले लिया था।वहीं आईपीएल में उन्होंने इसी साल चेन्नई सुपर किंग्स की खिताबी जीत के बाद आईपीएल से भी संन्यास की घोषणा कर दी थी।क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद अब रायुडू राजनीति में उतरने जा रहे हैं। वह मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी की सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की सदस्यता लेंगे।37 वर्षीय इस क्रिकेटर ने अपना आखिरी क्रिकेट मैच 29 मई को आईपीएल विनर एमएस धोनी की कप्तानी वाली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के लिए फाइनल में खेला था।रायुडू ने घरेलू क्रिकेट में हैदराबाद की ओर से खेला था।यह अब राज्य के विभाजन के बाद तेलंगाना का हिस्सा हो गया है।वह जमीनी स्तर पर लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को समझने के लिए पिछले कुछ दिनों से गुंटूर जिले का दौरा कर रहे हैं।रायुडू ने कहा, मैं लोगों की सेवा करने के लिए जल्द ही आंध्र प्रदेश की राजनीति में प्रवेश करूंगा। इससे पहले मैंने लोगों की समस्याओं को समझने के लिए जिले के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने का फैसला किया है। इस क्रिकेटर ने उन अटकलों का खंडन किया कि वह गुंटूर या मछलीपट्टनम संसदीय क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं।रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रायुडू ने हाल ही में अमीनाबाद गांव में मुलंकारेश्वरी मंदिर का दौरा किया और पूजा की।उन्होंने फिरंगीपुरम में साई बाबा मंदिर और बाला येसु चर्च में भी प्रार्थना की।



# रहाणे को टेस्ट उप कप्तान बनाये जाने से हैरान हैं गांगुली

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को टेस्ट टीम का उप कप्तान बनाया जाना हैरानी भरा फैसला है। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली के अनुसार रहाणे की लंबे समय बाद टीम में वापसी हुई है, ऐसे में उनकी जगह किसी अन्य को ये जिम्मेदारी देनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में निरंतरता और स्थिरता लाने की जरुरत है। खराब फार्म के कारा रहाणे करीब डेढ़ साल तक भारतीय टीम से बाहर रहे थे। आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें विश्वटेस्ट चैम्पयनशिप फाइनल के लिए शामिल किया गया था। रहाणे ने फाइनल में वह 89 और 46 रन की पारियां खेलीं थी।



गांगुली के अनुसार केवल एक टेस्ट के आधार पर ही चयन समिति ने रहाणे को फिर से उप कप्तान नियुक्त कर दिया जबकि किसी युवा को ये जिम्मेदारी देकर भविष्य के लिए तैयार किया जाना बेहतर विकल्प रहता। उन्होंने हालांकि रहाणे को उप-कप्तान बनाने के फैसले को व्यावहारिक फैसला भी नहीं बताया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि यह पीछे की ओर उठाया गया कदम है। आप 18 महीने से बाहर हो, फिर आप एक टेस्ट खेलते हो और आपको उप कप्तान बना दिया जाता है। मुझे इसके पीछे का आधार समझ नहीं आया। उपकप्तानी के लिए ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा भी बेहतर विकल्प थे।

वहीं चयनकर्ताओं ने चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाज को बाहर करके बदलाव की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है और गांगुली चाहते हैं कि एक खिलाड़ी के साथ के साथ संवाद स्पष्ट होना चाहिए जो भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुका हो। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं को पुजारा के बारे में स्पष्ट होना चाहिए था। क्या वे उसे टेस्ट क्रिकेट में और खिलाना चाहते हैं या फिर वे युवाओं के साथ जारी करना चाहते हैं, उसे इस बारे में बताया जाना चाहिए था। साथ ही कहा कि पुजारा जैसे कद के खिलाड़ी को आप टीम से बाहर, फिर अंदर और फिर बाहर, फिर अंदर नहीं कर सकते।

# पोलैंड में जासूसी के आरोप में रुसी खिलाड़ी पकड़ाया

वारसॉ ।पोलैंड ने आज जासूसी के आरोप में एक रुसी हॉकी खिलाड़ी को पकड़ा है। अधिकारियों के अनुसार खिलाड़ी यह रुसी खिलाड़ी पोलैंड की शीर्ष हॉकी लीग में खेलता है। पोलैंड के न्याय मंत्री बिगन्यू जियोब्रो ने कहा, 'रूस के जासूस एक एक करके पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एक खिलाड़ी के रुप में काम कर रहे एक जासूस को पकड़ा गया है।जियोब्रो ने कहा कि यह संदिग्ध एथलीट पहले लीग क्लब के लिए खेलता था।साथ ही कहा कि अब तक ऐसे 14 लोग जासूसी के आरोप में पकड़े गये हैं।



# पूर्व क्रिकेटर बोला, जडेजा और अक्षर निभाएंगे विश्वकप में युवराज की भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज के श्रीकांत का मानना है कि इस बार विश्वकप में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल अहम भूमिका निभाएंगे। श्रीकांत के अनुसार जिस प्रकार 2011 विश्वकप में ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारतीय टीम की जीत में विशेष योगदान दिया था वैसा ही कुछ ये दोनो भी करेंगे। भारती टीम पिछले एक दशक से आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस बार खिताब जीतना रहेगा।

श्रीकांत ने कहा, साल 2011 विश्व कप में, हमन बहुत सारे ऑलराउंडरों को खेलते हुए देखा। हमारे पास एक शानदार टीम थी, जिसका नेतृत्व महेन्द्र सिंह धोनी कर रहे थे। उस समय हमारे पाय युवराज जैसा आक्रामक ऑलराउंडर था। अब मेरा मानना है कि जड़ेजा और अक्षर भी वही करेंगे जो युवराज सिंह ने 2011 विश्व कप में किया था। मेरा मानना है कि अगर भारत को 2023 विश्व कप जीतना है तो ये लोग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जडेजा कई वर्षों से तीनों प्रारूपों में भारत के लिए सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। जडेजा ने 174 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 32.80 की औसत से 2526 रन बनाए हैं, जिसमें 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने इस प्रारूप में 37.39 की औसत से 191 विकेट भी लिए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीतने में मदद की। ऐसे में इस ऑलराउंडर से आगामी विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। वहीं दूसरी ओर, अक्षर पटेल भारत की 2015 विश्व कप टीम का हिस्सा थे हालांकि वह तब एक भी मैच नहीं खेल पाये थ। इस खिलाड़ी ने आईपीएल के 16 वें सत्र में जिस प्रकार दबाव के बीच भी अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है उसको देखते हुए माना जा रहा है कि वह इस बार विश्वकप में अंतर पैदा कर सकते हैं।

# शीर्ष पाकिस्तानी खिलाड़ी माजिद अली ने की आत्महत्या, इस बीमारी से थे पीड़ित

कराची।प्रसिद्ध पाकिस्तानी स्नूकर खिलाड़ी और एशियाई अंडर-21 रजत पदक विजेता माजिद अली ने गुरुवार को पंजाब में फैसलाबाद के पास अपने गृहनगर समुंदरी में आत्महत्या कर ली।वह 28 वर्ष के थे।पुलिस के अनुसार माजिद अपने खेल के दिनों से ही कथित तौर पर अवसाद से पीड़ित थे और उसने लकड़ी काटने वाली मशीन का उपयोग करके अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और राष्ट्रीय सर्किट में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी थे। माजिद एक महीने में मरने वाले दूसरे स्नूकर खिलाड़ी हैं। पिछले महीने एक अन्य अंतरराष्ट्रीय स्नूकर खिलाड़ी मुहम्मद बिलाल की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। उनके भाई उमर ने कहा कि माजिद किशोरावस्था से ही अवसाद से पीड़ित था और हाल ही में उसे एक और अवसाद का सामना करना पड़ा।उमर ने कहा, 'यह हमारे लिए भयावह बात है क्योंकि हमने कभी नहीं सोचा था कि वह अपनी जान ले लेगा।पाकिस्तान बिलियर्ड्स और स्नूकर के अध्यक्ष आलमगीर शेख ने कहा कि माजिद की मौत से पूरा समुदाय दुखी है। उन्होंने कहा, 'उनमें बहुत प्रतिभा थी और वह युवा थे और हमें उनसे पाकिस्तान का नाम रोशन करने की बहुत उम्मीद थी।' शेख ने कहा कि माजिद को कोई वित्तीय समस्या नहीं थी।मुहम्मद यूसुफ और मुहम्मद आसिफ जैसे सितारों द्वारा विश्व और एशियाई चैम्पियनशिप खिताब जीतने में मदद करने के बाद स्नूकर देश में एक हाई-प्रोफाइल खेल बन गया है जबकि कुछ खिलाड़ी पेशेवर सर्किट में भी स्नातक हो गए हैं।



# एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में भारत ने रचा इतिहास, इरान को मात देकर 8वीं बार बना चैंपियन, अनुराग ठाकुर ने दी शुभकामनाएं

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत ने शुक्रवार को डोंग यूई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सियोकडांग सांस्कृतिक केंद्र में खेले गए फाइनल मुकाबले में ईरान को मात दे दी है। ईरान को हराकर भारत ने ऐतिहासिक रूप से 8वीं बार इस खिताब पर कब्जा किया है। भारत ने फाइनल मुकाबले में ईरान को 42-32 से मात देकर इस खिताब को हासिल किया है।

अब तक नौ बार खेली गई ये चैंपियनशिप भारत के ही कब्जे में रही है। इस टूर्नामेंट में भारत ने आठ बार रिकॉर्ड जीत हासिल की है जबकि ईरान ने वर्ष 2003 में एक बार जीत दर्ज की थी। खेल में शुरुआत में भारतीय टीम पिछड़ती रही, मगर बाद में टीम ने शानदार वापसी की। भारतीय टीम ने 10वें मिनट में कप्तान पवन सहरावत और असलम इनामदार की सफल रेड की बदौलत ईरान की पूरी टीम को ही ऑल ऑउट कर दिया। इस मुकाबले में कप्तान ने पवन ने सुपर 10 भी हासिल किया।

भारतीय टीम ने मुकाबले में अपनी दमदार लय बरकरार रखी। ईरान के खिलाफ इस दमदार प्रदर्शन के दम पर ही भारतीय टीम अच्छी लीड लेने में सफल रही। हालांकि मुकाबले में भारत की भूल के कारण ईरान को कुछ बढ़त मिली मगर भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी तेज रफ्तार से ईरान को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया और टीम को ऑल आउट कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मुकाबले के पहले हाफ में भारत के पास 23-11 से बढ़त थी, जिसके बाद ईरान के कप्तान मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह ने दो अंकों की रेड कर सुपर रेड की और भारत को पहली बार 29वें मिनट में आउट किया। दो मिनट बचे रहने के दौरान ईरान की टीम ने बढ़त बनाने की कोशिश की मगर भारतीय टीम ने ईरान को इसका मौका नहीं दिया और अंत में मुकाबला 42-32 के साथ अपने नाम किया। इसी के साथ चैंपियनशिप पर भी भारत का कब्जा हुआ।

### अनुराग ठाकुर ने दी शुभकामनाएं

भारतीय टीम द्वारा इतिहास रचने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीटर पर टीम को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया, 8वीं बार चैंपियन। भारतीय टीम ने मैट पर अपने पूर्ण प्रभुत्व और अजेय रिकॉर्ड के साथ 2023 एशियाई सकबड्डी चैंपियनशिप में झंडा बुलंद रखा है। मजबूत प्रतिद्वंद्वियों ईरान के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ अपने खिताब का बचाव करना उनके विश्वास, कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट टीम प्रयास का प्रतिबिंब है। शाबाश, चैम्प्स। बहुत उत्साहित हूं और एशियाई खेलों में उन्हें एक्शन में देखने के लिए उत्सुक हूं।



# फीफा रैंकिंग में 100 वें स्थान पर पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली ।भारतीय फुटबॉल टीम विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) की ताजा रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही 100 वें स्थान पर पहुंच गयी है।पांच साल में यह पहली बार है कि भारतीय टीम शीर्ष 100 में पहुंची है।भारतीय टीम साल 2018 में 97वें स्थान पर थी।इससे पहले अप्रैल में भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में 101वें स्थान पर पहुंची थी।जून में इंटरकांटिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप में एक भी मैच नहीं हारने के कारण उन्हें 4.24 अंक मिले थे।जिससे उन्हें शीर्ष 100 में पहुंचने में सहायता मिली है।भारतीय टीम साल 2022 वीएफएफ ट्राई-नेशन सीरीज़ में वियतनाम के हाथों 0-3 की हार के बाद से ही एक भी मैच नहीं हारी है। उन्होंने साल 2023 में नौ में से सात गेम जीते हैं जबकि दो बार मुकाबले बराबरी पर रहे हैं।इस दौरान भारतीय टीम ने इस साल दो खिताब भी जीते हैं।

# राइमा भी द वैक्सीन वॉर की स्टार कास्ट में शामिल हुई



बालीवुड फिल्म द वैक्सीन वॉर की स्टार कास्ट में एक और नया नाम जुड़ गया है। यह फिल्म विवेक अग्निहोत्री द्वारा बनाई गई है। इस फिल्म में नाना पाटेकर, अनुपम खेर और सप्तमी गौड़ा जैसे कलाकार शामिल हैं। इन कलाकारों के साथ अब एक्ट्रेस राइमा सेन का नाम भी जुड़ गया है। सेन भी अब इस फिल्म का हिस्सा होंगी। फिल्म निर्माता ने ट्विटर पर एक वीडिया शेयर किया है। वीडियो में विवेक अग्निहोत्री ने कोलकाता की अपनी हालिया यात्रा के दौरान अभिनेत्री से मिलने और उसे अपनी फिल्म में अभिनय करने के लिए आमंत्रित करने पर प्रसन्नता जताई। 52 सेकंड की एक क्लिप में उनका परिचय देते हुए फिल्म निर्माता ने कैप्शन दिया देखो हैशटैग द वैक्सीन वार हैशटैग स्टोरी के कलाकारों में कौन शामिल हुआ।फिल्म द वैक्सीन वॉर भारतीय जैव-वैज्ञानिकों की खोज और उनके क्रांतिकारी स्वदेशी टीकों की ओर इशारा करती है। द वैक्सीन वॉर 20 अक्टूबर 2023 को दशहरे पर 11 भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म की ज्यादातर डिटेल गुप्त रखी गई है। वैक्सीन वॉर भारतीय वैज्ञानिकों और उन लोगों पर आधारित है, जिन्होंने दुनिया में सबसे प्रभावी वैक्सीन बनाने के लिए दो साल से अधिक समय तक अपना दिन और रात एक कर दिया। द वैक्सीन वॉर भारतीय वैज्ञानिकों की कहानी है जो ग्लोबल मैन्यूफैक्चर्स की तरफ से आने वाले दबाव से बच गए और अपने देशवासियों के जीवन को बचाने के लिए दिन रात काम किया। यह दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से गहन शोध पर आधारित भारत में सच्ची कहानी शैली की पहली फिल्म होने जा रही है। वैक्सीन वॉर भारतीय सिनेमा के लेवल को ऊपर उठाने और फिल्मों को भारत की सॉफ्ट पावर के रूप में इस्तेमाल करने की एक वास्तविक कोशिश है। कई भारतीय वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपना खून पसीना एक कर दिया ताकि मरीजो का इलाज किया जा सके और एक वैक्सीन बनाया जाए।

## 'विलायथ बुद्ध' के सेट पर घायल हुए पृथ्वीराज



मलयाली फिल्मों के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन अपकमिंग फिल्म 'विलायथ बुद्ध' के सेट पर घायल हो गए हैं। इस दौरान उनके पैर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके पैर की सर्जरी भी हुई। इसी बीच अब सुकुमारन ने एक पोस्ट शेयर कर अपनी हेल्थ को लेकर अपडेट दिया है। एक्टर की गंभीर हालत को लेकर उनके फैंस काफी परेशान नजर आए।




# शाहरुख की फिल्म जवान का इंतजार कर रहे प्रशंसक

बालीवुड स्टार शाहरुख खान की दूसरी प्रदर्शित होने वाली फिल्म जवान पर उनके फैंस की नजर लगी हुई हैं। इस फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर सुनामी लाने में कामयाब होगी। शाहरुख खान की जवान भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर तमिल निर्देशक एटली की पहली हिंदी फिल्म है और इसमें नयनतारा और विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। डिजिटल दुनिया पर फिल्म के टीज़र और रिलीज की तारीख को लेकर काफी चर्चा हो रही है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार जवान का आधिकारिक टीज़र 7 जुलाई या 15 जुलाई को पूरे धूमधाम के साथ लॉन्च किया जाएगा।शाहरुख खान और एटली जवान टीज़र को भव्य तरीके से लॉन्च करेंगे।

यह सभी का सबसे बड़ा डिजिटल लॉन्च होगा। समय, और टीज़र हर किसी के होश उड़ा देगा। इसमें शाहरुख खान को पहले कभी नहीं दिखाया गया है। निर्माता चेन्नई में जवान के टीज़र को लॉन्च करने के लिए एक विशेष अतिथि की तलाश कर रहे हैं, और एक बार यह तय हो जाने के बाद तारीख भी तय हो जाएगी। इसलिए, फिलहाल इस बात पर संशय है कि इसे कब रिलीज़ किया जाएगा 7 या 15 जुलाई।टीज़र इस महाकाव्य एक्शन के 2 महीने लंबे मार्केटिंग अभियान की भी शुरुआत करेगा, क्योंकि टीज़र लॉन्च के बाद गाने और ट्रेलर होंगे। जवान 7 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है और ठीक 7 जुलाई को अभियान शुरू होगा। पठान के बाद, शाहरुख खान एक और ब्लॉकबस्टर देने के लिए यहां हैं।

इसका संगीत अनिरुद्ध ने दिया है। इसे 2023 की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। फिल्म का निर्माण एटली के साथ रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। बता दें कि वर्ष 2023 के बीते 6 माह में बॉक्स ऑफिस पर एकमात्र धमाका शाहरुख खान की फिल्म पठान ने किया। उसके बाद ऐसी कोई फिल्म नहीं आई जिसने बॉक्स् ऑफिस पर तहलका मचाने में कामयाब हुई हो।



# हंसाकर लोटपोट करने के लिए फिर तैयार हैं अक्षय कुमार!

अक्षय कुमार ने हाउसफुल 5 की घोषणा के साथ ही 2024 का दिवाली समारोह हंसी और पागलपन से चार गुना अधिक होने वाला है। हाउसफुल अपनी अगली किस्त के साथ आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे यह भारतीय सिनेमा में 5 किस्तों वाली पहली फ्रेंचाइजी फिल्म बन जाएगी।

### अक्षय कुमार ने हाउसफुल 5 की घोषणा की

अक्षय कुमार ने ट्विटर पर एक पोस्टर के साथ यह खबर साझा की, जिसने प्रशंसकों के बीच प्रत्याशा की लहर पैदा कर दी। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित, हाउसफुल 5 मौज-मस्ती, मनोरंजन और कॉमेडी की एक रोलर-कोस्टर सवारी के वादे के साथ 2024 में आपकी दिवाली को जगमगाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो आपको झकझोर कर रख देगी। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ इसमें कई स्टार कलाकार भी शामिल होंगे। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है और यह दिवाली 2024 के दौरान रिलीज़ होगी।

### अक्षय कुमार के लिए आगे क्या है?

काम के मोर्चे पर अक्षय कुमार की कुछ रोमांचक फिल्में लाइन में हैं। अभिनेता बड़े मियां छोटे मियां में सोनाक्षी सिन्हा और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगे। अक्षय के पास ओह माई गॉड की दूसरी किस्त भी है। ऐसा कहने के बाद, वह सोरारई पोटरू के हिंदी रीमेक में राधिका मदान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। उपरोक्त फिल्मों के अलावा, अभिनेता हेरा फेरी 3 के लिए सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ फिर से जुड़े हैं। वह वेदत मराठे वीर दौडले सात के साथ मराठी फिल्म उद्योग में भी अपनी शुरुआत करेंगे।

# करीना कपूर सिनेमा में पूरे किए 23 साल



करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी सिनेमाई यात्रा के 23 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अभिनेत्री ने हंसल मेहता के साथ अपनी शूटिंग की एक बीटीएस तस्वीर भी साझा की। पू... जैसी अपनी प्रतिष्ठित भूमिकाओं से लेकर अपनी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति तक, करीना कपूर ने भारतीय सिनेमा में अपने शानदार अभिनय से काफी प्रभाव डाला है। फैशन आइकन भी मानी जाने वाली अभिनेत्री सिनेमा में 23 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं।

करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर हंसल मेहता के साथ अपनी फिल्म के सेट से एक बीटीएस तस्वीर साझा की। हालांकि फिल्म के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कथित तौर पर यह एक मर्डर मिस्ट्री होगी। यह हंसल मेहता द्वारा निर्देशित और एकता कपूर द्वारा उनके प्रोडक्शन हाउस बालाजी मोशन पिक्चर्स के तहत सह-निर्मित है।

करीना कपूर बजरंगी भाईजान, गुड न्यूज़, 3 इडियट्स और कई अन्य प्रतिष्ठित फिल्मों का हिस्सा रही हैं और उनकी एक दिलचस्प लाइनअप है। फिलहाल वह तब्बू और कृति सेनन के साथ द क्रू की शूटिंग कर रही हैं। इसे रिया कपूर द्वारा नियंत्रित किया जाता है। फिल्म में कपिल शर्मा भी हैं। द क्रू के अलावा, बेबो के पास सुजॉय घोष की द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स है। वह थ्रिलर में जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अभिनेत्री के पास हंसल मेहता की एक अनाम फिल्म भी लाइन में है।



# काजोल लस्ट स्टोरीज 2 को लेकर चर्चा में

बालीवुड एक्ट्रेस काजोल लस्ट स्टोरीज 2 को लेकर चर्चा में हैं। सेकेंड पार्ट में काजोल प्रमुख भूमिका में हैं। लस्ट स्टोरीज 2 को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। उनकी यह फिल्म लस्ट स्टोरीज का सीक्वल है, जो कि 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का कंटेंट काफी बोल्ड है। हाल ही में काजोल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कुछ चीजों में किस तरह बदलाव हुआ है, और पहले की तुलना में चीजें अब कितनी बदल गई हैं। एक इंटरव्यू में काजोल ने कहा कि फीमेल प्लेजर को नॉर्मलाइज कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह हमारी जिंदगी का नॉर्मल पार्ट है। उन्होंने कहा, एक वक्त पर हम इस बारे में खुलकर बात करते थे। बाद में हमने इस बारे में बात करना बंद कर दिया। लेकिन, आखिरकार यह हमारी जिंदगी का हिस्सा है, और हम इसके बिना नहीं रह सकते।

मुझे लगता है कि इसे उस तरह नॉर्मलाइज किया जाना चाहिए, जिस तरह हमने ड्रिंकिंग और ईटिंग को नॉर्मलाइज किया है। यह बिल्कुल हमारी बातचीत का हिस्सा बनाने वाली बात है। इसके बारे में बिल्कुल बात न करना इस तरह के मुद्दे को और बढ़ावा देता है, और लोगों में इसे लेकर और अटेंशन बना रहता है।काजोल ने कहा, पहले फिल्मों में लस्ट का मतलब पहले होता था कि दो फूल आपस में मिल रहे। दो गुलाब के फूल आपस में मिलाए जाते हैं, और बस हो गया। इसके बाद लेडी प्रेग्नेंट हो जाती है। तो मुझे लगता है कि हम अब आगे बढ़ चुके हैं, और लस्ट स्टोरीज 2 जैसा कुछ बनाने के बारे में सोचा। मुझे लगता है कि सिनेमा सोसाइटी को रिफ्लेक्ट करती है।

काजोल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमर प्रेम कहानियों में आज के जमाने में कोई भी यकीन रखता है। कोई किसी के लिए मरना पसंद नहीं करेगा। आजकल लोग एक से ज्यादा सोलमेट्स पर यकीन रखते हैं। आज तक जितनी भी लव स्टोरीज हमने बनाई है, वह सब बहुत अलग तरीके से बनी हैं। वह कहानियां दोस्ती, मॉर्डन रिलेशनशिप्स और सोसाइटी पर आधारित रही हैं। लस्ट स्टोरीज 2 अलग-अलग लोगों की कहानी को एक सेगमेंट में दिखाने वाली फिल्म है। काजोल के सेगमेंट को अमित आर शर्मा ने डायरेक्ट किया है।

# फिल्म नीयत में सनकी अरबपति की भूमिका निभाएंगे राम कपूर

राम कपूर जल्द ही फिल्म नीयत में सनकी अरबपति आशीष कपूर का किरदार निभाते नजर आएंगे। मर्डर-मिस्ट्री फिल्म नीयत अरबपति आशीष कपूर की अपनी ही पार्टी में हुई हत्या के पीछे की खुलासे की कहानी है, जहां उनकी पूरी गेस्ट लिस्ट ही शक के दायरे में है। हत्या की जांच विद्या बालन द्वारा अभिनीत जासूस मीरा राव करेंगी। नीयत 7 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ हत्या के पीछे छिपे राज भी खुलते जाएंगे।



फिल्म नियत के एक्टर राम कपूर ने कहा है कि उन्होंने शुरू में यह किरदार अपने पिता पर ही बनाया था। उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैंने देखा कि इसमें शामिल होना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, मैं इससे रिलेट करता हूं। मेरे किरदार के कुछ भाग मेरे पिता पर आधारित हैं।

उन्होंने आगे कहा, मेरे पिता भी एक टिपिकल इंडियन पंजाबी थे, जो बहुत बड़बोले और मनमौजी थे। वह लाइफ में बेहद सफल भी थे। उनके और मेरे किरदार के बीच समानताएं थीं, इसलिए मैंने किरदार को अपने पिता पर आधारित किया और इस बारे में अनु के साथ चर्चा की, क्योंकि मुझे लगा कि इससे मुझे किरदार को और वास्तविक रूप देने में मदद मिलेगी।

अनु को यह पसंद आया और उन्होंने मुझे इसे और आगे बढ़ाने में मदद की।एक्टर ने आगे बताया कि स्क्रिप्ट सुनते ही तुरंत प्रोजेक्ट पसंद आ गया। उन्होंने आगे कहा, यह एक शानदार भूमिका है, जिसके लिए मुझे पता था कि मैं बिल्कुल सही हूं। मैं खुद को आशीष कपूर का किरदार निभाते हुए देख सकता हूं। व्यक्तित्व के लिहाज से, कुछ किरदारों में ढलना मुश्किल होता है, और कुछ किरदार आसान होते हैं।